26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : गुरुवार, 27 अगस्त , 2026

अंक- 303 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

## पूरी प्लानिंग से की हरियाणवी सिंगर की हत्या

**शामली ( एजेंसी/चिंगारी )।** हरियाणवी सिंगर एवं अभिनेता अंकित बालियान हत्याकांड में पुलिस की जांच में सनसनीखेज तथ्य सामने आए हैं। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि हत्याकांड अचानक नहीं, बल्कि पूरी प्लानिंग के तहत अंजाम दिया गया। यूपी और हरियाणा के हमलावर वारदात से करीब दो दिन पहले से अंकित की रेकी कर रहे थे। बुधवार को भी बदमाशों ने



अंकित की हर गतिविधि पर नजर रखी। घर से जिम जाने और जिम से बाहर निकलने तक उसका पीछा किया और मौका मिलते ही जिम के बाहर ताबड़तोड़ फायरिंग कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक हमलावरों को अंकित की दिनचर्या की पूरी जानकारी थी। उन्हें पता था कि वह किस समय घर से निकलता है और जिम से कब बाहर आता है। इसी जानकारी के आधार पर हमलावरों ने जिम के बाहर मोर्चा संभाला और उसके बाहर निकलने का इंतजार किया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस अब जिम और आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। संदिग्ध वाहनों और युवकों की पहचान की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि हमलावरों को अंकित की लोकेशन और दिनचर्या की जानकारी कौन उपलब्ध करा रहा था।

# नेपाल में भारी तबाही, सैकड़ों की मौत

## 300 भारतीय भी लापता

**काठमांडू ( एजेंसी/चिंगारी )।** नेपाल में बुधवार को भोटेकोशी नदी में अचानक आयी बाढ़ में कम से कम 162 लोगों की मौत हो गयी है, जबकि सैकड़ों लोग लापता हैं। इनमें सुरक्षाकर्मी और विदेशी पर्यटक भी शामिल हैं। बाढ़ ने तीन जिलों में बड़े पैमाने पर निजी और सरकारी संपत्ति को तबाह कर दिया और इसे हाल के वर्षों में नेपाल की सबसे भीषण आपदाओं में से एक माना जा रहा है। बताया गया है कि भोटेकोशी की सहायक नदी ल्हेंदे के प्रवाह को हिमस्खलन से अवरुद्ध होने के बाद अचानक पानी का भारी दबाव बना और बाढ़ ने सबसे पहले चीन की सीमा से लगे रसुवा जिले के तिमुरे क्षेत्र को अपनी चपेट में लिया। सैकड़ों लोगों की आबादी वाला यह इलाका देखते ही देखते बह गया और इसके बाद बाढ़ का पानी नीचे की ओर बढ़ गया। क्षेत्र में बारिश नहीं होने के कारण लोगों को किसी बड़ी बाढ़ की आशंका नहीं थी और वे रोजमर्रा के काम में लगे थे। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार बाढ़ में नौ जलविद्युत परियोजनाएं और नौ वाणिज्यिक बैंकों की शाखाएं तबाह हो गयी हैं। इसके अलावा 19 मोटर योग्य पुल और करीब 40 किलोमीटर राजमार्ग बह गये हैं। सैकड़ों मकान बाढ़ में नष्ट हो गये हैं। कई लोग सुरक्षित स्थानों तक पहुंच गये, लेकिन बड़ी संख्या में बुजुर्ग और बच्चे अभी लापता हैं। 300 भारतीय नागरिक भी लापता बताये जा रहे हैं। मरने वालों का आंकड़ा बढ़ने की संभावना है। नेपाल में आई जलप्रलय ने भारी तबाही मचायी है, जिसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है।











# एसपी विश्नोई बैराज पुलिस चौकी पहुंचे रात को पुलिसकर्मियों को बारीकी से समझाया हर बात को

## संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की सघन चैकिंग के दिये आदेश



**बिजनौर (चिंगारी)।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने रात को अचानक मध्य गंगा बैराज पुलिस चौकी का निरीक्षण कर पुलिस व्यवस्था का जायजा लिया। एसपी के अचानक चौकी पहुंचने से ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों की ड्यूटी चैक की और मौके पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

पुलिस अधीक्षक ने ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को निर्देशित किया कि रात के समय विशेष सतर्कता बरती जाए। ड्यूटी के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। उन्होंने पुलिसकर्मियों से मुस्तैदी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने तथा क्षेत्र में लगातार निगरानी बनाए रखने को कहा। एसपी ने कानून-व्यवस्था को लेकर अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि बैराज जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अतिरिक्त सतर्कता बरती जानी चाहिए। क्षेत्र में आने-जाने वाले संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों पर विशेष नजर रखी जाए। आवश्यकता के अनुसार प्रभावी चैकिंग अभियान चलाया जाए।

उन्होंने पुलिसकर्मियों को निर्देश दिये कि संदिग्ध गतिविधि अथवा व्यक्ति की जानकारी मिलने पर तत्काल जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। साथ ही किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए पुलिसकर्मियों को हमेशा तैयार रहने तथा सूचना मिलते ही बिना देरी किए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने ड्यूटी व्यवस्था की बारीकी से जानकारी ली और पुलिसकर्मियों को क्षेत्र में भ्रमण एवं निगरानी बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस की सक्रियता और सतर्कता से ही अपराध एवं असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है। एसपी के निरीक्षण के बाद चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों को रात्रि ड्यूटी के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सावधानी बरतने और उच्च अधिकारियों के निर्देशों का पूरी गंभीरता से पालन करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# रफीक अंसारी व उनके पुत्र ने अखिलेश यादव से की मुलाकात



**नजीबाबाद (चिंगारी)।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता रफीक अंसारी व उनके पुत्र युवा नेता आतिफ अंसारी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से लखनऊ में मुलाकात कर अखिलेश यादव को गुलदस्ता भेंटकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर रफीक अंसारी ने अखिलेश यादव से विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर बातचीत की। बातचीत के दौरान उनसे अखिलेश यादव ने पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने व आने वाले विधानसभा चुनावों में जुट जाने की अपील की। इस अवसर पर अतीक अंसारी व नईम अंसारी आदि मौजूद रहे।

# उत्तर कुमार से मिले आफताब मंसूरी



**नजीबाबाद (चिंगारी)।** नजीबाबाद तहसील क्षेत्र के ग्राम सराय आलम निवासी आफताब मंसूरी ने हरियाणवी फिल्म सुपर स्टार उत्तर कुमार से अमरोहा पहुंचकर उनके फार्म हाउस पर मुलाकात कर उनका स्वागत किया। आफताब मंसूरी एक्टर उत्तर कुमार के फेन हैं तथा उनकी हरियाणवी फिल्म उन्हें काफी पसंद आती हैं। इस मौके पर उत्तम कुमार की फिल्मों की उन्होंने सराहना करते हुए उन्हें मुबारकबाद पेश की। उत्तर कुमार ने इसके लिए उनका आभार जताया।

# दिव्यांग बच्चों ने वेस्ट मैटेरियल से सुंदर राखियां बनाईं



**मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)।** आर्य सुगन्ध संस्थान मुस्सेपुर में संस्थान के दिव्यांग बच्चों ने आगामी त्यौहार रक्षा बन्धन की तैयारी शुरू कर दी है। बच्चों ने राखियां बनाने के साथ सभी को पेड़-पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। बच्चों ने वेस्ट मैटेरियल से सुन्दर-सुन्दर डिजाइन में आकर्षक राखियां बनाईं। राखियों के डिजाइन में फूल और फलों के बीज को रखा गया है जिससे सुन्दर डिजाइन में राखी बनकर तैयार की गई। संस्थान की प्रबंधक कमलेश आर्य ने बताया कि बच्चों के राखियों के बीच में फूल व फलों के बीज रखने का उद्देश्य है कि राखी के बीच में बंधा बीज अगर कहीं जमीन पर गिरे तो उससे एक पौधा तैयार हो जिससे सभी को ऑक्सीजन, फल व फूल प्राप्त हो सके। इसमें गरिमा आर्य व गगन आर्य आदि का सहयोग रहा।

# उर्दू अदब के फ़रोग़ और नये फ़नकारों की हौसला अफ़ज़ाई के लिए मश्क़-ए-सुखन तंज़ीम का गठन

## दो साल के लिए चुनी गई कार्यकारिणी

**बिजनौर (चिंगारी)।** उर्दू भाषा एवं साहित्य के प्रचार-प्रसार, नये और युवा शायरों व साहित्यकारों की हौसला-अफ़ज़ाई तथा नियमित साहित्यिक और मुशायरों की महफ़िलें आयोजित करने के उद्देश्य से अदबी तंज़ीम मश्क़-ए-सुखन का गठन किया गया। नजीबाबाद के मोहल्ला कलालान स्थित आसिफ मिर्ज़ा के आवास पर साहित्यप्रेमियों की बैठक में लोकतांत्रिक तरीके से संगठन के नाम, संविधान और पदाधिकारियों का चयन किया गया। नवगठित संगठन का नाम 'मश्क़-ए-सुख़न' रखा गया। संगठन का उद्देश्य उर्दू भाषा व साहित्य को बढ़ावा देना, साहित्यिक बैठकों व मुशायरों का आयोजन करना तथा नये और युवा शायरों एवं साहित्यकारों को मार्गदर्शन और प्रोत्साहन देना है। इसके अलावा अरूज़ और आहंग के अनुरूप शायरी की मश्क़ तथा सीखने-सिखाने का माहौल तैयार करने पर भी जोर दिया जाएगा। संगठन में पत्रकार एवं सीनियर शायर मरग़ूब रहमानी को संरक्षक, वाहिद जमाल को अध्यक्ष, क़मर अख़्तर को उपाध्यक्ष, उबैद अहमद को महासचिव और आसिफ़ मिर्ज़ा को संयुक्त महासचिव चुना गया। क्षेत्रीय सचिव के तौर पर बिजनौर से नौजवान शायर मैराज बिजनौरी, नजीबाबाद से सैयद अहमद, जलालाबाद से बहार आलम बहार, कोतवाली से इम्तियाज़ अज़्हर और मंडावली से आरिफ़ आरज़ू को जिम्मेदारी दी गई। बहार आलम बहार और नसीम नजीबाबादी को संपर्क प्रभारी बनाया गया। आरिफ़ आरज़ू को कोषाध्यक्ष तथा नसीम नजीबाबादी को उपकोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। तैयब जमाल को ऑडिटर की जिम्मेदारी दी गई, इम्तियाज़ अज़्हर और अरबाब रहमानी मीडिया प्रभारी होंगे। संगठन के संविधान के मुताबिक हर महीने साहित्यिक या शायरी सम्बन्धित बैठक आयोजित की जाएगी। साल में तीन बार तरही निशस्त होगी, जिसके लिए मिसरा-ए-तरह एक माह पहले दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त साल में दो बार फ़िल-बदीह महफ़िल आयोजित करने का प्रस्ताव है। वर्ष में एक बार बड़े मुशायरे के साथ संगठन की वार्षिक कार्यप्रगति रिपोर्ट भी पेश की जाया करेगी। संगठन की कार्यकारिणी का चुनाव प्रत्येक दो वर्ष बाद लोकतांत्रिक तरीके से किया जाएगा।


बिजनौर में खुल गया है

ATHER कम डाउन पेमेंट कम ब्याज दर ATHER

आज ही लायें एथर स्कूटर



बिजनौर/धामपुर में एथर शोरूम के लिये आवश्यकता है- शोरूम मैनेजर, सेल्स एक्सयूटिव एवं मैकेनिक की।

मो. 8192801901

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# भूकंप से टूटा ग्लेशियर... 3 मिनट बाद तबाही

## नदी में आई 100 मीटर ऊंची बाढ़

नेपाल में बीते दिन आई बाढ़ ने देश में भीषण तबाही मचाई है। विदेश मंत्री शिशिर खनाल ने संसद को बताया कि बुधवार सुबह स्थानीय समय के अनुसार 8.37 बजे तिब्बत क्षेत्र में भूकंप आया था। इसके करीब तीन मिनट बाद बाढ़ की सूचना मिली। इससे आशंका जताई जा रही है कि भूकंप के झटकों से ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट यानी हिमनद झील फटने की घटना हुई हो, जिससे अचानक भारी मात्रा में पानी नीचे की ओर आया। इस बाढ़ ने नेपाल के कई इलाकों में भारी तबाही मचाई है। सड़कें और पुल बह गए हैं, घरों और वाहनों को नुकसान पहुंचा है तथा कई इलाकों का संपर्क टूट गया है। बड़ी संख्या में लोग मारे गए हैं और सैकड़ों लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। प्रभावित क्षेत्रों में संचार और आवागमन की व्यवस्था ठप होने के कारण प्रशासन के लिए लोगों की सही स्थिति और संख्या का पता लगाना अभी भी बड़ी चुनौती बनी हुई है।

नेपाल में यह आपदा ग्लेशियर का लगभग 2,000 फीट चौड़ा हिस्सा टूटकर निचली नदी घाटी में गिरने से आई। सैटेलाइट चित्रों के अध्ययन के बाद कैलगरी विश्वविद्यालय के भूवैज्ञानिक डेनियल शुगर ने बताया कि भूतल से 17,000 फीट की ऊंचाई पर ग्लेशियर का करीब 2,000 फीट चौड़ा हिस्सा पूरी तरह से अलग हो गया। यह विशाल हिमखंड 4,000 फीट नीचे गिरा। भारी ऊंचाई से इतना बड़ा हिमखंड गिरने से ल्हेंडे खोला नदी में प्रचंड सैलाब उठा, जो भोटेकोशी नदी में पहुंचा। इस तेज बहाव ने निचले इलाकों में भारी तबाही मचाई।

काठमांडू पोस्ट के अनुसार, रसुवा के मुख्य सीमा शुल्क अधिकारी राजेंद्र ढुंगाना ने बताया कि जब वह बाहर भागे तो उन्होंने



ऊपर की ओर से धुएं जैसे गुबार के साथ पानी की एक विशाल दीवार को तिमुरे बाजार की ओर तेजी से आते देखा। उन्होंने कहा, बाढ़ करीब 100 मीटर ऊंची लहर की तरह उठती हुई बाजार में घुसी और कुछ ही पलों में पूरा बाजार बह गया।


### कंक्रीट के 22 पुल, 42 किमी सड़क भी बही

काठमांडो से 125 किमी. दूर रसुवा व धाडिंग के अलावा नुवाकोट भी बुरी तरह प्रभावित है। नेपाल के समाचार पत्र कांतिपुर के अनुसार, एक दर्जन पनबिजली परियोजनाओं को गंभीर नुकसान पहुंचा है, जिससे बिजली का संकट भी पैदा हो गया है। रसुवा, नुवाकोट व धाडिंग के अलग-अलग इलाकों में कंक्रीट के 22 पुल और पांच बेली पुल बह गए। तेजी से आई बाढ़ में 42 किमी. सड़क भी बह गई। सैलाब के बाद बाढ़ का पानी नुवाकोट, चितवन, गोरखा, तनहुं और नवलपरासी ईस्ट जिलों में फैल गया। सरकार ने रसुवा, नुवाकोट व धाडिंग को तीन माह के लिए आपदा ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है। इलाज से लेकर अन्य सुविधाओं तक तत्काल कदम उठाए जाएंगे।

नेपाल में अचानक आए भीषण बाढ़ के बाद भारत के कई राज्यों के लोग वहां फंस गए हैं। पश्चिम बंगाल के कोलकाता से कैलाश-मानसरोवर यात्रा पर गया 32 सदस्यीय दल भी बाढ़ के बाद लापता बताया जा रहा है। वहीं, केरल के 37 पर्यटक नेपाल में फंसे हैं, जबकि कर्नाटक समेत कई राज्यों की सरकारों ने अपने नागरिकों की जानकारी जुटाने और उनकी सुरक्षित वापसी के लिए हेल्पलाइन शुरू की है।

### कोलकाता का 32 सदस्यीय दल संपर्क से बाहर

कोलकाता से कैलाश-मानसरोवर यात्रा पर गया 32 सदस्यीय दल नेपाल-तिब्बत सीमा पर आई बाढ़ के बाद संपर्क से बाहर हो गया। दल में 30 पर्यटक और दो टूर मैनेजर शामिल हैं। यह दल 21 अगस्त को कोलकाता से रवाना हुआ था और अगले दिन नेपाल पहुंचा था। अधिकारियों के अनुसार, दल बुधवार सुबह करीब 8.30 बजे रसुवागढ़ी पहुंचा था।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com



★5999 रुपये के डाउन पेमेंट पर कोई भी स्कूटर अपने घर ले जायें।
★5000 तक के बेनिफिट
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी ...**

## महिलाएं और राजनीति

देश में सत्ता पक्ष हो या विपक्ष, उनके द्वारा नित नये विमर्श गढ़े जाते हैं। एक तरफ जहां सत्ता पक्ष आम जनता की बुनियादी जरुरतों और समस्याओं तथा विकास की जमीनी हकीकत से ध्यान हटाने के लिये बेसिर पैर के मुद्दों में जनता को उलझाये रखता है, वहां विपक्ष को भी सिर्फ वे मुद्दे सूट करते हैं, जिनसे सत्तापक्ष को आसानी से घेरा जा सके और अपने वोट बैंक को साधा जा सके। जनता के सवालों पर राजनीति होना अब दूर की कौड़ी हो गया है। दलित और स्त्री विमर्श जैसे मुद्दे अगर उठाये भी जाते हैं, तो उन्हें परिदृश्य से लुप्त होने में देर नहीं लगती। दलितों के नाम पर राजनीति तो खूब होती है, लेकिन उनके मुद्दों और सवालों को उस तरह से ऐड्रस नहीं किया जाता, जैसे भावात्मक मुद्दों को हवा दी जाती है। यही स्थिति समाज में महिलाओं की है। उनके नाम पर भी राजनीति खूब होती है, उनके लिये योजनाएं भी चलाई जाती हैं और उनको आरक्षण देने के नाम पर वोट बैंक की राजनीति भी खूब की जाती है, लेकिन महिलाओं की वास्तविक समस्याओं से राजनीतिक दलों ने जैसे ध्यान हटा ही लिया है। आज स्थिति यह है कि समाज की प्रतिगामी शक्तियों ने जैसे स्त्री जागरूकता को हर कदम पर रोकने का मना बना लिया है और स्त्री यौन हिंसा इसी का सर्वाधिक वीभत्स रूप है। ऐसी ताकतें जानती हैं कि यदि एक महिला के साथ उत्पीड़न होता है तो उसका डरावना और हतोत्साहित करता संदेश कितनी दूर तक जाता है। शायद इसीलिए जब आधुनिक स्त्री ने शिक्षा और आत्मनिर्भरता को अपना लक्ष्य बनाया और किसी भी कीमत पर उसे दोयम दर्जे का नागरिक बना कर रखने वाली ताकतों के सामने समर्पण को तैयार नहीं हुई तो अपने अन्तिम हथियार के रूप में वे आज यौन हिंसा का बेशर्मी के साथ सहारा ले रही हैं। हाल ही में हरियाणा में स्कूल जाने की जिद पर अड़ी दो दलित बच्चियों को दबंगों द्वारा बलात्कार का शिकार बनाया गया। दुर्भाग्य से पीड़ित बच्चियों को अपने ही वर्ग से वह मदद नहीं मिल पा रही है, जो मिलनी चाहिए। अधिकतर महिलाएं ऐसी घटनाओं पर सिर्फ आह भर कर रह जाती हैं, पीड़िता का दुर्भाग्य मानती हैं, और सिर्फ वही करती हैं,जो परिवार के पुरुष उन्हें बताते हैं।

# तीन महीने से वेतन नहीं मिलने पर आउटसोर्स कर्मचारियों ने दिया धरना

### नौकरी से हटाने की धमकी देने का आरोप, स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होने से रोगी रहे परेशान





**बिजनौर ( चिंगारी )।** महात्मा विदुर राजकीय स्वशासी मेडिकल कॉलेज/जिला अस्पताल में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने तीन महीने से वेतन न मिलने के विरोध में अस्पताल में धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। वेतन नहीं मिलने से आर्थिक संकट से जूझ रहे कर्मचारियों ने बकाया वेतन का भुगतान जल्द कराने की मांग कर रहे हैं।

कर्मचारियों का कहना है कि वे लगातार अपनी ड्यूटी पूरी ईमानदारी से कर रहे हैं, लेकिन पिछले तीन महीने से उन्हें वेतन नहीं मिला, इससे उनके सामने परिवार के भरण-पोषण, बच्चों की फीस, मकान का किराया और अन्य जरूरी खर्चों को लेकर आर्थिक परेशानी खड़ी हो गई है।

धरने पर बैठे कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि वेतन की मांग करने पर उन्हें नौकरी से हटाने की धमकी दी जा रही है। कर्मचारियों का कहना है कि वह अपने किए गए काम का ही वेतन मांग रहे हैं, इसके बावजूद उनकी समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा।

वेतन न मिलने से नाराज कर्मचारियों ने अस्पताल परिसर में धरना शुरू कर दिया। कर्मचारियों के प्रदर्शन के कारण अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रभावित हुई। पर्चा बनवाने सहित अन्य व्यवस्थाओं में परेशानी के चलते इलाज के लिए पहुंचे मरीजों और तीमारदारों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

कर्मचारियों के मुताबिक, उन्होंने इस संबंध में मेडिकल कॉलेज की प्राचार्या से शिकायत की थी। उन्हें वेतन भुगतान का आश्वासन दिया गया था, लेकिन निर्धारित समय तक भुगतान नहीं होने के बाद कर्मचारियों ने धरने का रास्ता अपनाया।

कर्मचारियों ने मांग की कि उनका बकाया वेतन तत्काल जारी कराया जाए और भविष्य में समय से वेतन का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। धरना-प्रदर्शन में रीना, रिमाइज़्म, निधि, प्रीति, अनीता, भोली, ज्योति, राखी, सपना, सत्यदेव शर्मा, विकास कुमार, अश्रुनी कुमार, हिमांशु और अमर सिंह सहित दर्जनों आउटसोर्स कर्मचारी मौजूद रहे। प्राचार्या डा. ललिता चौधरी ने प्रदर्शनकारी कर्मचारियों से बात करते हुए बताया कि उनका एक माह का वेतन आ गया है। शीघ्र ही शेष वेतन भी आ जायेगा। कर्मचारी पूर्ण भुगतान की मांग पर अड़े थे।



## बेगमपुर शादी में निकला जुलूस-ए-मुहम्मदी

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम बेगमपुर शादी (रामपुर) में जश्ने मिलादुन्नबी (बारह वफात) के मौके पर जुलूस-ए मोहम्मदी का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया, जिसमें सैकड़ों अकीदतमन्द जुलूस में शामिल हुए। अंजुमन कादरी अहलेसुन्नत के तत्वावधान में मोहल्ला पश्चिम स्थित बारातघर से प्रारंभ होकर जुलूस गांव के मुख्य मार्ग से होता हुआ देर शाम वहीं पर संपन्न हुआ। जुलूस के उपरांत मिलादे महफिल का आगाज़ किया गया, इसमें वक्ताओं ने हजरत मोहम्मद (स.अ.)के सीरत पर विस्तार से चर्चा की तथा लोगों को मोहम्मद साहब के बताए रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान इसरार अहमद, फहीम इंजीनियर, इकराम अहमद, ताजिर अली, अनवर अहमद, शकील अहमद शाह, सरफराज अहमद आदि का सहयोग रहा।

## सेना में लेफ्टिनेंट बने सौफतपुर के हितेंद्र राठी

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम सौफतपुर के निवासी हितेंद्र राठी का चयन भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर हो जाने से उनके परिवार, गांव तथा पूर्व फौजियों में जश्न का माहौल है। हितेंद्र राठी पहले नायक के पद पर कार्यरत थे। बता दें कि हितेंद्र राठी के पिता स्व. संजीव राठी ने भी गढ़वाल रेजिमेंट की 17 गढ़वाल राइफल्स यूनिट में रहते हुए देश सेवा की थी। उन्होंने कारगिल युद्ध के दौरान दुश्मन देश के सैनिकों के दांत खट्टे किये थे। पिता के नक्शे-कदम पर चलते हुए हितेंद्र राठी ने भी सेना को ही अपना कैरियर चुना था। हितेंद्र भारतीय सेना की ए.एम.सी. कोर में नायक के पद पर कार्यरत थे, लेकिन उनके अंदर कुछ बड़ा करने का जुनून था। कड़े परिश्रम, लगन और कुछ कर गुजरने की इच्छाशक्ति की बदौलत उन्होंने विभागीय परीक्षा पास कर लेफ्टिनेंट पद पर पदोन्नति प्राप्त की है। बल्कि पूरे गांव और आसपास के गांवों के ग्रामीण भी खुशी से फूले नहीं समा रहे हैं। हितेंद्र के चाचा राजीव राठी, बड़े भाइयों कौशल राठी व गौरव राठी तथा ग्रामीणों राजेन्द्र सिंह, नरेन्द्र सिंह, हनी राणा आदि का कहना है कि यदि किसी व्यक्ति के अंदर कुछ कर गुजरने का जज्बा हो, तो वह अपने परिश्रम से कुछ भी हासिल कर सकता है। हितेंद्र की यह उपलब्धि गांव एवं क्षेत्र के युवाओं के लिये प्रेरणा का काम करेगी।




### हमारा सीना भी गर्व से चौड़ा हुआ

ग्राम सौफतपुर निवासी पूर्व सैनिक डालचंद पाल और ग्राम सौफतपुर के निवासी पूर्व सैनिक विजय राणा ने कहा कि पूर्व सैनिक स्व. संजीव राठी के सुपुत्र हितेंद्र राठी के सेना में लेफ्टिनेंट बनने से उनका सीना भी गर्व से चौड़ा हो गया है। हितेंद्र ने न सिर्फ अपना और अपने परिजनों का बल्कि क्षेत्र के सभी पूर्व सैनिकों, सैनिकों और क्षेत्रवासियों का भी मान बढ़ाया है। उनका संगठन हितेंद्र के सेना में बुलंदियों पर पहुंचने की कामना करता है।

# नजीबाबाद में पूरी शानो शौकत के साथ निकाला गया जुलूसे मोहम्मदी

नजीबाबाद (चिंगारी)। जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर अंजुमन शाने मिल्लत की ओर से नगर में जुलूसे मोहम्मदी पूरी शान-ओ-शौकत के साथ निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने शिरकत कर एक-दूसरे को मुबारकबाद पेश की। जुलूसे मोहम्मदी के सदर हाजी जाहिद हसन के नेतृत्व में जुलूस को शहर के ऐतिहासिक नवाब नजीबुद्दौला के आस्ताने से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जुलूस का जगन्नाथ चौराहा, राजो का चौराहा, हकीमों का चौराहा, पठानपुरा व एमजीएम इंटर कॉलेज से होते हुए नगर पालिका के सामने से गुजरा व मछली बाजार पर पहुंचकर समाप्त हुआ। जुलूस के पूरे मार्ग पर अकीदतमंदों द्वारा जगह-जगह स्टॉल लगाकर तबरूक (शर्बत व मिठाइयां) वितरित किया गया। जुलूस में शामिल लोगों में काफी उत्साह था जिससे हर तरफ जश्न का माहौल रहा। जुलूसे मोहम्मदी में सदर हाजी जाहिद हसन, मोहम्मद इदरीस, डॉ. ईशाक, तनवीर खान, शाकिर शालू, समीर, मौ. खालिद, विधायक हाजी तसलीम अहमद, चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम, साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी व पूर्व चेयरमैन मुअज्जम खान एडवोकेट, अब्दुल्ला गुलजार, इकरार जौहरी, शहबाज खान, डॉ. तनवीर अहमद, चांद वारसी, शमशाद अहमद, नवाब वारसी, कमाल वारसी, मौ. अकरम, शमशाद मुल्तानी, मौ. साद, बाबर मुल्तानी, अकबर मुल्तानी, मौ. उजैफ, अजगर हुसैन, मोहिब अब्बास, मौ. आदिल, मोनू टाटा, शेर अली, महताब खां चांद, अल्ताफ हुसैन, डॉ. जुनैद अंसारी, अयाज अंसारी, शुजात खां जादा, गयास खां, शादाब खां, शाकिर मिर्जा, आबिद अली खां, नईम खां, महबूब आलम, अबरार सलमानी, फैजान खान सहित हजारों की संख्या में शहरवासी उपस्थित रहे। जुलूस में सुरक्षा व्यवस्था के लिए थाना प्रभारी अमित कुमार, दरोगा कय्यूम अली, दरोगा सौरभ सिंह भारी पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे। अंजुमन शाने मिल्लत कमेटी ने जुलूस में अच्छी सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन का शुक्रिया अदा किया।


जुलूसे मोहम्मदी का आगाज करते आलिम व मेहमान।

## श्री गणेश चौथ महोत्सव समिति की बैठक में शोभायात्रा की तैयारियों पर चर्चा

नजीबाबाद (चिंगारी)। श्री गणेश चौथ महोत्सव समिति नजीबाबाद की श्री सिद्धि विनायक मंदिर में आयोजित बैठक में आगामी शोभायात्रा के संबंध में विशेष चर्चा कर सभी आवश्यक तैयारियों की जानकारी दी गई। समिति के सदस्यों ने बताया कि श्री गणेश चौथ महोत्सव कार्यक्रम 14 सितंबर 2026 से प्रारंभ हो रहा है। कार्यक्रम के दौरान मंदिर में प्रतिदिन सुबह-शाम आरती का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव का मुख्य आकर्षण 25 सितंबर 2026 को नगर में निकलने वाली गणपति जी की भव्य शोभायात्रा होगी। शोभायात्रा रेलवे स्टेशन से प्रारंभ होकर संतोषी माता मंदिर पर समाप्त होगी। शोभायात्रा का विशेष आकर्षण माखन मटकी प्रतियोगिता रहेगी, जो रेलवे स्टेशन, बाजार कल्लूगंज व बाजार चौक में फोड़ी जाएगी। इसके अलावा शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां, बैंड, ताशे आदि आकर्षण का केंद्र रहेंगे। बैठक में शहर के गणमान्य व्यक्तियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर समिति के संरक्षक कुलवीर चौधरी, अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, मंत्री रविन्द्र चौहान, कोषाध्यक्ष विनय कौशिक, प्रबंधक डॉ. राजीव अरोरा, प्रबंधक डॉ. राहुल वर्मा, आलोक, नवनीत वर्मा, अरुण पाटिल, डॉ. एसके जौहर, पंकज अग्रवाल, पंडित संजय डबराल सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।



## पुलिस ने जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों को साइबर क्राइम से जागरूक किया

**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )। क्षेत्र के ग्राम राजपुर नवादा मे मंडावली थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार के निर्देशन में जन चौपाल का आयोजन किया गया। एसआई नरेंद्र पाल सिंह, एसआई तेजवीर सिंह, एसआई राम निवास शर्मा ने साइबर क्राइम से होने वाली घटनाओं को विस्तार से बताया। ग्रामीणों की समस्याओं के निस्तारण की जानकारी दी। मोबाइल पर आने वाले ओटीपी नंबर को ना बताने की सलाह दी। ग्रामीणों को बताया कि कोई अंजान कॉल आने पर उनके बहकावे में ना आएं, पुलिस को तुरंत सूचना दे। इस मौके पर कांस्टेबल जितेंद्र कुमार व यशपाल सिंह, हबीब अहमद, रशीद अहमद, शहजाद अहमद, वजीर अहमद, इद्दू अहमद, जतिन कुमार आदि ग्रामीण मौजूद रहे। थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि जन चौपाल लगाने का उद्देश्य ग्रामीणों को साइबर क्राइम से होने वाली घटनाओं के विषय में जागरूक करना है जिससे अपराध को रोका जा सके।**



## अफजाल अहमद सर्वसम्मति से आईरा के जिलाध्यक्ष बने

नजीबाबाद (चिंगारी)। आईरा इंटरनेशनल रिपोर्टर्स एसोसिएशन की बैठक नगर के एक रेस्टोरेंट में आयाजित की गई। बैठक में नगर के काफी पत्रकारों ने भाग लेकर संगठन की मजबूती व विस्तार को लेकर मंथन किया। बैठक में सर्वसम्मति से अफजाल अहमद को जिलाध्यक्ष बनाने के लिए सहमति बनी। जिसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष/चेयरमैन डॉ. तारिक जकी ने अफजाल अहमद को जनपद बिजनौर का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। विशेष बैठक में संगठन को जनपद बिजनौर में और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने, संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, पत्रकारों के हितों की प्रभावी पैरवी करने, पत्रकार हितों की लड़ाई मजबूती से लड़ने व जनहित में लेखनी चलाने के निर्णय लिये गये। डॉ. आफताब नोमानी एवं टीएस मालिक की अध्यक्षता एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष जीशान नजीबाबादी के संचालन में बैठक में शहज़ाद नोमानी, नौशाद मुल्तानी, अफजाल अहमद, गुलज़ार अहमद, शहज़ाद मलिक, नरेंद्र सिंह, अनुज शर्मा, सोनू आदित्य, मुशर्रफ अली, सरफराज अहमद, शाकिर अली, बहार आलम, आकिफ हुसैन उर्फ अक्की, खिजर अहमद, कुलदीप सिंह, संजीव ठाकुर, विकास आर्य आदि पत्रकार मौजूद रहे।

## गायत्री शक्तिपीठ पर पावन प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन

नजीबाबाद (चिंगारी)। गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के गायत्री परिवार के 16 जनपदों के केन्द्र गायत्री शक्तिपीठ नजीबाबाद में पावन प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन किया गया। व्यास पीठ पर आसीन कथावाचक गायत्री शक्तिपीठ व्यवस्थापक डॉ0 दीपक कुमार ने कहा कि कथा व्यक्ति की व्यथा हर लेती है। वेदों का दिव्य ज्ञान साधारण जन मानस तक पहुंचाने के लिए 18 पुराण व उपनिषदों की रचना हुई। पूर्व में दादा-दादी, नाना-नानी की गोद में बैठकर महापुरुषों की कहानियाँ सुनकर बच्चे संस्कारवान, चरित्रवान, सेवाभावी बनते थे। कथा वाचक डॉ0 दीपक कुमार ने कहा कि पावन प्रज्ञा पुराण अखिल विश्व गायत्री परिवार (शांतिकुंज) के संस्थापक, युगऋषि वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित आधुनिक कालखंड का एक धार्मिक एवं आध्यात्मिक ग्रंथ है। पावन प्रज्ञा पुराण कथा 18 पुराणों का सार है। कथा के समापन पर व्यसन मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत बीड़ी, सिगरेट, शराब जैसी बुरी आदतों को छोड़ने के संकल्प दिलवाये गये। परिव्राजक छत्रपाल सिंह ने हारमोनियम से प्रेरणाप्रद संगीत प्रस्तुत किये। श्रीमति लीना सिंघल ने मुख्य पूजन किया। गायत्री परिवार के हरीश शर्मा के संचालन में गायत्री मंत्र का दुपट्टा ओढ़ाकर व शांतिकुंज सद्साहित्य व देवस्थापना चित्र देकर उपस्थित जनसमुदाय का सम्मान किया। कार्यक्रम में सुमन वर्मा, विभा माहेश्वरी, मृदुला चौहान, नीलम बरनवाल, कामेश शर्मा, पुष्पा शर्मा, रेखा चैहान, प्रीति सिंह, दिनेश राजपूत, ओमपाल सिंह आदि मौजूद रहे।


गायत्री शक्तिपीठ पर पुराण कथा में उपस्थित लोग।

## बालिका ताइक्कांडो चैम्पियनशिप की ट्रॉफी मूलचंद एकेडमी ने अपने नाम की

नजीबाबाद (चिंगारी)। मूलचंद एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल कोटद्वार रोड में आयोजित बालिका ताइक्कांडो चैम्पियनशिप का समापन हो गया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों की बालिका खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता की विजेता ट्रॉफी मूलचंद एकेडमी ने अपने नाम की। विद्यालय की बालिका खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया। विजेता खिलाड़ियों में प्रथम स्थान सत्यवती मैमोरियल एकेडमी (किरतपुर), द्वितीय समविद गर्ल्स सैनिक स्कूल, (मथुरा), तृतीय एजुकोल द गर्ल्स स्कूल (धामपुर) रहे। प्रतियोगिता का समापन विद्यालय के प्रबंधक अनिल चौहान एडवोकेट, प्राचार्या श्रीमती ममता सिंह एवं उप-प्राचार्या श्रीमती सुनीता सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर विजेता खिलाड़ियों को पदक एवं प्रमाण-पत्र प्रदान देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों, निर्णायकों, शिक्षकों एवं सहयोगी सदस्यों का आभार व्यक्त किया तथा प्रतियोगिता की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की।



ट्रॉफी के साथ विजेता बालिका ताईक्कांडो खिलाड़ियों की

# धामपुर में भीषण हादसा, दो की मौत

## ट्रक चालक जिंदा जला, स्कूटी सवार की भी मौत


मृतक कुलवंत चौधरी


घायल परवेज

**धामपुर (चिंगारी)।** बीती रात उप जिला अधिकारी कार्यालय तिराहे पर एक कंटेनर और 18 टायरा ट्रक में हुई भीषण टक्कर में लगी आग से ट्रक चालक नदीम की आग की चपेट में आकर जल जाने से दर्दनाक मौत हो गई, जबकि स्कूटी पर सवार कुलवंत चौधरी की भी ट्रक चालक द्वारा टक्कर मार दिए जाने से मौत हो गई।

टक्कर के बाद भीषण आग लगने से ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं, जिससे अफरा-तफरी मच गई। सूचना पाकर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और विद्युत विभाग ने टाउन नंबर वन की सप्लाई बंद करके आग की लपटों से बिजली के तारों को बचाया।

जानकारी के अनुसार आस्था ट्रेडिंग कंपनी, हापुड़ के 18 टायर ट्रक नंबर एच आर 55 ए यू 8606 के चालक नदीम पुत्र अशफाक निवासी अच्छेजा, (हापुड़) ट्रक में सामान लेकर जैतरा माल गोदाम रोड से जब गुजर रहा था तो अचानक वह गाड़ी से नियंत्रण खो बैठा। इस दौरान ट्रक ने सड़क पर स्कूटी पर अपने घर जा रहे ग्राम हकीमपुर नारायण थाना धामपुर निवासी कुलवंत चौधरी पुत्र मदनपाल सिंह की स्कूटी में टक्कर मार दी जिससे उनकी मौत हो गई। इसके बाद अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से बिजली का खंभा उखड़ गया। इसके बाद प्रमोद कुमार के घर के बाहर खड़ी उनकी कार में टक्कर मारी। जैसे ही ट्रक चालक नदीम आगे बढ़ा तभी नहटौर रोड की ओर से आ रहे कंटेनर नंबर यूके 18 सीए 1149 में उसने टक्कर मार दी, जिससे केमिकल से भरा हुआ कंटेनर पलट गया और 18 टायरा ट्रक में भीषण आग लग गई। टक्कर लगते ही कंटेनर में सवार इशाक पुत्र शहजाद निवासी जमालगंज थाना टांडा तथा 18 टायरा ट्रक में सवार परिचालक परवेज पुत्र उम्मेद निवासी अच्छेजा, हापुड भी ट्रक में से निकलकर बाहर आ गया जबकि ट्रक चालक नदीम पुत्र अशफाक उसमें ही फंसा रह गया जिससे उसकी आग की लपटो में आने के कारण मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दोनों वाहनों की टक्कर के बाद काफी तेज आवाज हुई और देखते ही देखते ट्रक में आग लग गई। घटना की सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस घटना के बाद दो जेसीबी मशीन की सहायता से सड़क पर पड़े हुए ट्रकों को हटाकर यातायात सुचारू किया गया। मृतक कुलवंत चौधरी निवासी (ग्राम पाडली बसेड़ा निवासी मदनपाल सिंह के पुत्र थे) वह स्योहारा मार्ग पर वर्कशॉप का कार्य करते थे और ग्राम जैतरा में रहते थे। वह अपने पीछे पत्नी हिमांशी व एक पुत्र हर्ष को रोता बिलखता छोड़ गए। घटना की सूचना पाकर उनके रिश्तेदार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे।

# लेखपाल अंजलि त्यागी ने पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में पाया पहला स्थान

## राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयन

**धामपुर (चिंगारी)।** धामपुर तहसील में लेखपाल के पद पर कार्यरत अंजलि त्यागी ने अपनी मेहनत और लगन से एक और उपलब्धि हासिल की है। गाजियाबाद में आयोजित अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 84 किलोग्राम महिला भार वर्ग में राज्य स्तर पर सर्वश्रेष्ठ पावरलिफ्टर का खिताब अपने नाम किया। इस उपलब्धि के साथ अंजलि का चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए हो गया है। 24 और 25 अगस्त को गाजियाबाद में आयोजित प्रतियोगिता में अंजलि ने करीब 11 जिलों से आई महिला प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया। उनकी इस सफलता से परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। नौकरी के साथ खेल के क्षेत्र में लगातार बेहतर प्रदर्शन करने वाली अंजलि अब राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने की तैयारी कर रही हैं।

मूल रूप से अमरोहा की रहने वाली अंजलि त्यागी का विवाह दिल्ली निवासी मयंक भारद्वाज से हुआ है। धामपुर में लेखपाल के पद पर नियुक्ति के बाद उनके



पति मयंक भारद्वाज ने भी यहीं जिम शुरू किया। इसी दौरान अंजलि की रुचि वेटलिफ्टिंग की ओर बढ़ी और उन्होंने नियमित अभ्यास के जरिए इस खेल में अपनी पहचान बनानी शुरू कर दी। अंजलि की यह उपलब्धि उन महिलाओं के लिए भी प्रेरणा है, जो परिवार और नौकरी की जिम्मेदारियों के बीच अपने सपनों को पूरा करने का प्रयास कर रही हैं। उन्होंने साबित किया है कि दृढ़ इच्छाशक्ति और नियमित मेहनत के बल पर किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

# यज्ञ के साथ, श्री शिव महापुराण कथा समाप्त



**शेरकोट (चिंगारी)।** नगर के मुहल्ला फतेहनगर स्थित प्राचीन गढ़ी मंदिर में चल रही नौ दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा का बुधवार को हवन और प्रसाद वितरण के बाद समापन हो गया। मंदिर के पुजारी निपेंद्र शर्मा ने बताया कि 17 अगस्त से शुरू हुई श्री शिवमहापुराण कथा का विधिवत यज्ञ के बाद समापन कर दिया गया। इस अवसर पर यज्ञ में काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और आहुति देकर सुख-समृद्धि की कामना की। आचार्य पंडित राजेंद्र वशिष्ठ ने यज्ञ संपन्न कराया और मंदिर के पुजारी निपेंद्र शर्मा ने मुख्य यजमान की भूमिका निभाई। निशांत चौहान, दिलावर सिंह,बाबू प्रजापति,रमेश शर्मा,उषा शर्मा,बबीता शर्मा आदि काफी संख्या में श्रद्धालु यज्ञ में शामिल हुए । दूसरी ओर क्षेत्र के ग्राम हादकपुर स्थित शिवालय प्रांगण में चल रही तीन दिवसीय श्री रामचरितमानस कथा का भी यज्ञ के बाद समापन हुआ। यज्ञ आचार्य पंडित कृष्ण कुमार कौशिक ने संपन्न कराया और रजनीश चौहान, उनकी पत्नी नेहा चौहान मुख्य यजमान रहे। इस मौके पर यतेंद्र राजपूत, प्रीत राजपूत, गिरधारी सिंह, मोनिका चौहान, विशाल त्यागी, गगनदीप चौहान, लक्ष्य प्रताप सिंह, कमल चौहान आदि काफी श्रद्धालु ने यज्ञ में आहुति देकर कुशलता की कामना की।

**धामपुर में दैनिक बिजनौर टाइम्स व सांध्य दैनिक चिंगारी में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।**

**बिजनौर टाइम्स-चिंगारी कार्यालय**
निकट थाना कोतवाली, धामपुर
मनोज कात्यायन 9927500708
जुल्फिकार मंसूरी 9568154643

# ईद मिलादुन्नबी के मौके पर महफिल-ए-मिलाद का आयोजन

## शायरों ने पेश किये खूबसूरत कलाम



**धामपुर (चिंगारी)।** बड़ी मंडी स्थित हज़रत सय्यद नमक शाह बाबा के आस्ताना-ए-मुबारक पर जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर एक रूहानी और पुरनूर 'महफ़िल-ए-मिलाद' का आयोजन किया गया। महफ़िल में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत कर बारगाह-ए-रिसालत में अपनी अकीदत पेश की।

महफ़िल का आगाज़ दरगाह के सज्जादा नशीन मोहम्मद आबिद सकलैनी ने कुरआन-ए-मजीद की आयतों की तिलावत से किया। इसके बाद हबीब हसन सकलैनी ने नात-ए-सरवर-ए-कौनैन पेश कर माहौल को नूरानी बना दिया। इसके उपरांत मोहम्मद नासिर अकरमी एवं उनके साथियों ने हुज़ूर नबी-ए-करीम का मिलाद शरीफ पढ़ा। मिलाद-ए-पाक की पुरकैफ फिज़ा ने महफ़िल में मौजूद लोगों के दिलों को मोहब्बत-ए-रसूल से सराबोर कर दिया और हर तरफ़ दरूद-ओ-सलाम की सदाएं गूंज उठीं। महफ़िल के दौरान मशहूर शायरों एजाज़ धामपुरी, पेंटर साहब, हबीब हसन सकलैनी सहित अन्य शायरों ने बारगाह-ए-कौनैन में खूबसूरत कलाम और नातिया अशआर पेश किए। उनके कलाम पर पूरा माहौल नारे-ए-तकबीर व सदाओं से गूंज उठा।

इस अवसर पर दरगाह के सज्जादा नशीन मोहम्मद आबिद सकलैनी ने औलिया-ए-किराम के ईमानी और रूहानी वाक़ियात बयान किए तथा उनकी ज़िंदगी से मिलने वाले सबक पर रोशनी डाली। महफ़िल के समापन पर सलात-ओ-सलाम और फातिहा-ख्वानी की गई। इसके बाद मुल्क में अमन, खुशहाली, भाईचारे और आपसी सौहार्द के साथ-साथ पूरी दुनिया में शांति और सुकून के लिए खुसूसी दुआ की गई।

महफ़िल में हाजी ज़ाकिर सलमानी, नईम जज़्बी, हाशिम कुरैशी, मोहम्मद आरिफ (गुड्डू भाई), ज़ाहिद सलमानी, नफ़ीस अहमद, सोनू सलमानी, अहमद रज़ा, उमैर अली, राशिद सकलैनी, काशिफ लतीफी, सलीम समरी सहित बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे।

# मंदिर में चोरी करने वाला पकड़ा गया



**बिजनौर ( चिंगारी )।** सैनी मंदिर के दानपात्र से रुपये चोरी करने के मामले में शहर कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। शहर कोतवाली पुलिस के अनुसार, काजीपाड़ा निवासी राजेंद्र पुत्र रामकिशन ने मंगलवार को कोतवाली शहर में तहरीर देकर बताया था कि अज्ञात व्यक्ति ने ईदगाह रोड स्थित सैनी मंदिर के दान-पात्र में रखे रुपये चोरी कर लिए हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। जांच के दौरान पुलिस ने बुधवार को आदित्य पुत्र संदीप शर्मा, निवासी साईंपुरम कॉलोनी, शहर कोतवाली को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से 973 रुपये नकद, एक पिट्ठू बैग और काले व गहरे नीले रंग की इलेक्ट्रिक स्कूटी बरामद की। सीओ सिटी अभय कुमार पांडेय ने बताया कि आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# विधायक अशोक राणा ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण



**धामपुर ( चिंगारी )।** विधान सभा धामपुर क्षेत्र के विधायक अशोक कुमार राणा ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र नंदगाँव, नयागाँव एवं नाथाडोई का भ्रमण कर क्षेत्रीय जनता की समस्याओं को सुना तथा यथाशीघ्र समस्याओं का निराकरण कराने का आश्वासन दिया। गौरतलब है कि विगत कई वर्ष से नंदगांव, नयागांव, नाथाडोई, कोपा एवं धुराहरा आदि गाँव खो नदी की बाढ की चपेट में आ जाते थे। विधायक राणा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं जल शक्ति मंत्री के समक्ष इस मुद्दे को प्रमुखता से उठा कर अफ़जलगढ सिंचाई खण्ड धामपुर के माध्यम से नंदगाँव नाथाडोई एवं कोपा धुराहरा में बोल्डर एप्रन, बोल्डर पिचिंग एवं जीओ बैग्स के स्टड आदि बाढ सुरक्षात्मक कार्य कराया । विभाग द्वारा कराये गए बाढ सुरक्षात्मक कार्य से सभी ग्राम पूर्ण रूप से सुरक्षित हैं, ग्रामीण राहत महसूस कर रहे हैं। भ्रमण के दौरान नंदगाँव के ग्रामीणों ने गाँव के डाउन स्ट्रीम तक अतिरिक्त बोल्डर पिचिंग लगाने की मांग की। इस दौरान बड़ी तादाद में क्षेत्रवासी मौजूद रहे। अफजलगढ सिंचाई खण्ड धामपुर के अधिशासी अभियंता अरूण सचदेवा ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि विभाग ग्रामीण आबादी की सुरक्षा के लिए दृढ़ संकल्पित है। बाढ़ संबंधी किसी भी प्रकार की समस्या अथवा शिकायत बाढ नियंत्रण कक्ष धामपुर को दूरभाष के माध्यम से उपलब्ध करायी जा सकती है,जिसका तत्काल निराकरण करने का प्रयास किया जायेगा। इस दौरान सहायक अभियंता विक्रांत कुमार, जू.इं. नवीन शर्मा, नासिर हुसैन, गौरव कुमार , अन्य विभागीय कर्मचारी एवं नितिन चौहान, ओमप्रकाश शर्मा, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पवन कुमार, पूर्व ग्राम प्रधान हरज्ञान सिंह, महेंद्र सिंह, वेदप्रकाश शर्मा, अरूण कुमार, रिंकू कुमार, जॉनी कुमार, भारत सिंह, मिथिल कुमार आदि मौजूद रहे।

# टीईटी अनिवार्यता की समाप्ति को लेकर तमिलनाडु सरकार का एतिहासिक प्रस्ताव - चंद्रहास सिंह

**बिजनौर ( चिंगारी )।** अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिम ज़ोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने टीईटी अनिवार्यता की समाप्ति को लेकर तमिलनाडु सरकार द्वारा विधानसभा में पारित प्रस्ताव की सराहना एवं धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि तमिलनाडु सरकार ने अपने एक बड़े फैसले में वर्ष 2010 से पहले नियुक्त टीचर्स को टीईटी परीक्षा से छूट दी है। तमिलनाडु विधानसभा से 25 अगस्त को एक प्रस्ताव पारित किया गया। इस नए प्रस्ताव के तहत 23 अगस्त 2010 से पहले नियुक्त सरकारी शिक्षकों को नौकरी पर बने रहने के लिए अनिवार्य शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) पास करने की शर्त से 'पूरी तरह और स्थायी रूप से'' छूट दी गई है। साथ ही तमिलनाडु विधानसभा में केंद्र सरकार से सर्वसम्मति से आग्रह एवं अपील की है कि 23 अगस्त, 2010 से पहले नियुक्त शिक्षकों को उनकी लंबी सेवा और नौकरी की सुरक्षा को देखते हुए 'टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट'(टीईटी) से हमेशा के लिए, छूट दी जाए। प्रस्ताव में 23 अगस्त, 2010 से पहले लागू नियमों और योग्यताओं के तहत नियुक्त शिक्षकों को टीईटी अनिवार्यता से पूरी और स्थायी छूट दी जानी चाहिए।

# सलाम न करना पड़ा भारी, युवक को सरिया, लाठी मारी

## हालत गंभीर, जिला अस्पताल में भर्ती कराया

**मंडावर ( चिंगारी )।** मंडावर कस्बे के एक युवक को सलाम ना करना भारी पड़ा। घर के बाहर खड़े युवक को उसके पड़ोसी युवकों ने बुरी तरह पीटा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया। रिजवान पुत्र इरफान निवासी मौ. मिर्दगान ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उसका भाई मौ. जुबैर कल देर शाम अपने घर के बाहर खड़ा था। अचानक मोहल्ले के मज़हर हसन उर्फ मज्जू व उसके लड़के शाहनवाज, तालिब, मोईन लाठी, डंडे, सरिया लेकर आए और जुबैर को पीटना शुरू कर दिया। जुबैर ने उसका विरोध किया, तो आरोपी शाहनवाज ने कहा कि तू मुझे सलाम नहीं करता। जुबैर को मारते-मारते उसके घर में ले गए। शाहनवाज द्वारा जुबैर के सर पर सरिया से वार कर दिया, जिसके वह बुरी तरह घायल हो गया। घर में रखा सामान भी तोड़ कर चले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल जुबैर को जिला अस्पताल पहुंचाया। थाना प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी होगी।

# प्रतियोगिता में मेडल जीते

**किरतपुर ( चिंगारी )।** 22 से 26 अगस्त को नजीबाबाद में मूलचंद एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सीबीएसई की नॉर्थ ज़ोन 1 गर्ल्स ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में किरतपुर सत्यवती मेमोरियल एकेडमी स्कूल के बच्चों ने प्रतिभाग करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में अतिक्षा सिंह ने गोल्ड, आर्या गुप्ता ने सिल्वर एवं भूमि ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। सभी विजेता बच्चों का स्कूल लौटने पर स्कूल प्रिंसिपल प्रेम राज, मैनेजर राजीव चौहान एडवोकेट एवं शिक्षकों ने फूल मालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर अर्चना चौधरी, रीता शर्मा, विनय राजपूत, खेल शिक्षक शुभम चौधरी, सिम्मी, अनीता आदि मौजूद रहे। यह जानकारी खेल शिक्षक अंकुर चौधरी ने दी।

# वार्षिक बैठक में उठायी जायेंगी पूर्व सैनिकों की समस्याएं

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला पौड़ी गढ़वाल की एक बैठक में छह सितंबर को प्रस्तावित प्रांतीय वार्षिक बैठक की तैयारियों और कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की गई। साथ ही संगठन को मजबूत करने और पूर्व सैनिकों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने का निर्णय लिया गया। बताया गया कि प्रांतीय वार्षिक बैठक में दिल्ली से उत्तराखंड प्रभारी मेजर जनरल राजीव गुप्ता और प्रदेश अध्यक्ष मेजर जनरल गुलाब सिंह रावत शामिल होंगे। पूर्व सैनिकों की समस्याएं राष्ट्रीय पदाधिकारियों के समक्ष रखने के साथ ही संगठन के विस्तार पर चर्चा होगी। बैठक में संगठन के गठन को लेकर पूर्व में रहे मतभेदों पर भी चर्चा हुई। इस मौके पर अध्यक्ष सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर कुलवीर सिंह रावत, सेवानिवृत्त कैप्टन जीएम धस्माना, हंसवंत सिंह बिष्ट, सीपी धूलिया, सीपी डोबरियाल, सेवानिवृत्त नायक डॉ. सुंदर लाल जोशी और महासचिव सूबेदार मेजर सतीश जोशी आदि मौजूद रहे।

# धरना जारी, दो किसान मौन धारण कर अनशन पर बैठे



**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** विकास खंड जलीलपुर के खादर क्षेत्र में गंगा नदी के किनारे तटबंध निर्माण की मांग को लेकर किसानों का अनिश्चितकालीन धरना आज आठवें दिन भी जारी रहा। आंदोलन दिन-प्रतिदिन तेज होता जा रहा है। आज धरने के आठवें दिन दो किसान 25 घंटे की भूख हड़ताल के साथ मौन धारण कर अनशन पर बैठ गए। किसानों के इस कदम से धरना स्थल पर आंदोलन और अधिक गंभीर हो गया है।

विकास खंड जलीलपुर के खादर क्षेत्र में चांदपुर-हस्तिनापुर-मेरठ मार्ग पर स्थित ग्राम नारनौर गांव के पास लगभग 25 गांवों के किसान बड़ी संख्या में एकत्र होकर अपनी मांग को लेकर धरना दे रहे हैं। किसानों का कहना है कि गंगा नदी के पूर्वी तट पर तटबंध का निर्माण क्षेत्र के लिए बेहद जरूरी है। हर वर्ष बरसात और गंगा के जलस्तर में वृद्धि के दौरान खादर क्षेत्र के किसानों को बाढ़ की समस्या का सामना करना पड़ता है।

किसान रविंद्र त्यागी उर्फ काले टिकैत तथा गजफ्फर अली 25 घंटे की भूख हड़ताल एवं मौन धारण पर बैठ गए। धरना स्थल पर मौजूद किसानों ने कहा कि तटबंध निर्माण की मांग लंबे समय से उठाई जा रही है, लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हुई है। किसानों का कहना है कि केवल आश्वासन से समस्या का समाधान नहीं होगा, बल्कि गंगा किनारे मजबूत तटबंध का निर्माण कराया जाना चाहिए। किसान निखिल त्यागी ने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार किसानों की समस्याओं की अनदेखी कर रही है। उन्होंने कहा कि किसानों के धरने को आठ दिन बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक क्षेत्र के सत्ताधारी विधायक या सांसद ने धरना स्थल पर पहुंचकर किसानों की सुध लेने की जरूरत नहीं समझी। इससे किसानों में रोष बढ़ता जा रहा है।

# अघोषित विद्युत कटौती से ग्रामीणों में रोष

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** वर्तमान में हो रही अघोषित विद्युत कटौती को लेकर क्षेत्रवासियो में रोष बढ़ता जा रहा है। जहां एक तरफ ग्रामीण खूंखार वन्यजीवों से परेशान है, वहीं वर्षाकाल के चलते भीषण गर्मी से बचाव को लेकर अघोषित विद्युत कटौती को लेकर क्षेत्रवासी भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं। रात में कई कई घंटे लगातार की जा रही अघोषित विद्युत कटौती से ग्रामीणों को गर्मी का सामना करने के साथ-साथ चोरों एवं खूंखार वन्य जीवों से बचाव को लेकर भी चिंता बनी रहती है मगर बिजली विभाग है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद अघोषित विद्युत कटौती में सुधार लाने को तैयार नहीं है। ग्रामीणों अजीमुश्शान, फिरोज बेग, दिलशाद अहमद, नसीम अहमद, राजेंद्र सिंह आदि का कहना है कि यदि कटौती का यही आलम रहा तो बिजली विभाग के खिलाफ एक दिन ग्रामीणों का गुस्सा लावा बनकर फूट सकता है। उधर, मानियावाला बिजलीघर पर तैनात अवर अभियंता पंकज कुमार ने अघोषित विद्युत कटौती होना स्वीकारते हुए बताया कि कभी-कभी इमरजेंसी रोस्टिंग के कारण, कभी फाल्ट हो जाने के कारण या कहीं लाइन वगैरह ठीक करने को लेकर लाइनमैन द्वारा शटडाउन ले लिए जाने के कारण कटौती करना मजबूरी हो जाता है अन्यथा प्रयास रहता है शेड्यूल के हिसाब से बिजली दी जाए।

# अपराध नियंत्रण को लेकर एसपी ने कसी पुलिस की नकेल

## मासिक अपराध गोष्ठी में कानून-व्यवस्था की समीक्षा, लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण और वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के निर्देश दिये

**बिजनौर (चिंगारी)**। पुलिस लाइन स्थित सभागार में आयोजित मासिक अपराध गोष्ठी में एसपी कृष्ण कुमार ने जनपद की अपराध स्थिति और कानून-व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से विभिन्न थाना क्षेत्रों में घटित अपराधों, उनके अनावरण तथा पुलिस की ओर से की जा रही कार्रवाई की जानकारी ली।



बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने अपराध नियंत्रण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अधिकारियों को पूरी गंभीरता और सक्रियता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पुलिस गश्त और निगरानी व्यवस्था को और मजबूत किया जाए तथा संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाए। एसपी कृष्ण कुमार ने लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए उनके त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर जोर दिया। उन्होंने विवेचकों को निर्देशित किया कि विवेचनाओं को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए और साक्ष्यों के आधार पर नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश भी दिए। एसपी ने कहा कि गंभीर एवं लंबित मामलों में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर प्रभावी कार्रवाई की जाए तथा अपराधियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कदम उठाए जाएं।

कानून-व्यवस्था को लेकर भी पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित भ्रमण कर आमजन से संवाद स्थापित करें और उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराएं। किसी भी प्रकार की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई करते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखना सुनिश्चित किया जाए।

गोष्ठी में पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनाने, अपराधों की रोकथाम, लंबित मामलों के निस्तारण तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी सहित विभिन्न बिंदुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसपी ने अधिकारियों से बेहतर समन्वय के साथ कार्य करते हुए जनपद में सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपेक्षा की।

TATA MOTORS COMMERCIAL VEHICLES | Better Always
TATA
INTRA V30 GOLD PICKUP




APPLY FOR VACANCY

- Sales Executives : 2 (Bijnor, Dhampur)
- Receptionist (Female) : 1 (Bijnor)
- Mechanic / Electrician : 2 (Bijnor)
- Cashier : 1 (Bijnor)

Contact - hr.cnsmotors@gmail.com, Ph: 7055501562

CNS Motors Pvt. Ltd. (TATA Motors CV Dealer)
Address: NH-119, Kiratpur Road, Pedda, Bijnor
Branches: Najibabad, Dhampur, Joya (Amroha)
Phone : 8484932387, 8476001007

# सेंट मैरी स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गया रक्षाबंधन पर्व



**हल्दौर (चिंगारी)**। सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल में रक्षाबंधन का पावन पर्व बड़े हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय के कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों ने इस विशेष अवसर पर बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर छात्राओं ने छात्रों की कलाई पर प्रेम, स्नेह और भाई-बहन के अटूट रिश्ते का प्रतीक राखी बांधी। वहीं छात्रों ने भी छात्राओं को राखी बांधने के उपलक्ष्य में उपहार भेंट कर उनके प्रति प्रेम, सम्मान एवं स्नेह व्यक्त किया। विद्यालय परिसर में पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्सव और आनंद का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को रक्षाबंधन के पावन पर्व के महत्व से अवगत कराया गया। इस अवसर पर भाई-बहन के रिश्ते में प्रेम, विश्वास, सुरक्षा, सहयोग और आपसी सम्मान की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या सिस्टर शानेट एवं मैनेजर सिस्टर फिल्विनी ने सभी विद्यार्थियों को रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ऐसे त्यौहार विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से जोड़ने के साथ-साथ प्रेम, सद्भाव और पारिवारिक मूल्यों की भावना विकसित करते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही, जिससे पूरा विद्यालय परिसर रक्षाबंधन के रंग में रंगा नजर आया।

# इस्लाहे मुआशिरा कान्फ्रेंस का इन्काद हुआ, माहौल पूरी तरह रुहानी हुआ



**हीमपुर दीपा (चिंगारी)**। सरकार-ए-दो जहां की विलादत के मौके पर ग्राम पुट्ठा में जश्ने ईद मिलादुन्नबी एवं इस्लाहे मुआशिरा कॉफ्रेंस का इन्काद हुआ। जलसे में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की। इस दौरान उलेमाओं ने पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की सीरत पर विस्तार से रोशनी डाली। इस दौरान माहौल पूरी तरह रूहानी हो गया। जलसे की कयादत कारी रिफाकत हुसैन रिजवी, पेश इमाम गोसिया मस्जिद पुट्ठा ने की है। जलसे को खानदाने आले रसूल से हुजूर सैयद मुफ्ती कफील हाशमी, सदर दारुल इफ्ता खानकाहे आला हजरत बरेली शरीफ, मुफ्ती सुलेमान जसपुर उत्तराखंड, सायरे इस्लाम हजरत मौलाना कलाम रज़ा मंजरी फर्रुखाबाद, हजरत अमान रज़ा बरकाती संभल, हजरत अल्लामा मौलाना जहीर आलम नूरी मुजफ्फरनगर (नगीना), मौलाना गुलाम मुर्तजा खाईखेड़ी नजीबाबाद, मौलाना तंजीम मंजरी दरगाहे आला हजरत बरेली शरीफ, नायबे इमाम कारी मोहम्मद हसनैन रज़ा पुट्ठा तथा मौलाना फैजान मंजरी गागू नंगला ने खिताब करते कहा कि जश्ने ईद मिलादुन्नबी केवल खुशी मनाने का अवसर ही नहीं, बल्कि पैगंबर-ए-इस्लाम की शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारने का संदेश भी देता है। उन्होंने कहा कि मोहम्मद साहब ने पूरी दुनिया को शांति, प्रेम, आपसी सद्भाव, भाईचारे और इंसानियत का पैगाम दिया। जरूरतमंदों की मदद करना, गरीबों का ख्याल रखना, पड़ोसियों के साथ अच्छा व्यवहार करना और किसी का दिल न दुखाना इस्लाम की खूबियों में शामिल है। उलेमाओं ने नमाज की पाबंदी पर जोर देते हुए कहा गली-मोहल्लों को सजाकर मस्जिदें वीरान न छोड़ देना, क्योंकि जिनका मिलाद हम मना रहे हैं, उनकी आंखों की ठंडक नमाज है। उन्होंने लोगों से गुजारिश कि वे बुराइयों और गलत रास्तों को छोड़कर अल्लाह के बताए हुए नेक रास्ते पर चलें तथा हुजूर की सुन्नत को अपने जीवन में अपनाएं।

## मुसीबतजदा लोगों के लिये मांगी दुआ

जलसे के समापन पर सैकड़ों अकीदतमंदों ने बारगाहे खुदाबंदी में दोनों हाथ उठाकर कुलकायनात के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ से प्रभावित परिवारों की हिफाजत, उनके जान-माल की सुरक्षा तथा मुसीबत से निजात के लिए सामूहिक रूप से दुआ की है। जलसे की सदारत मौलाना गुलाम मुर्तजा खाईखेड़ी नजीबाबाद ने की, जबकि निजामत हजरत अमान रजा बरकाती संभल ने की। जलसे की कयादत इस बार भी कारी रिफाकत हुसैन रिजवी, पेश इमाम गोसिया मस्जिद पुट्ठा द्वारा की गई है।

## नशा, जुआ, चोरी जैसे काम मजहबे इस्लाम में हराम



**सहसपुर (चिंगारी)**। ईद मिलादुन्नबी के मौके पर गिरधारीलाल रोड बुध का बाज़ार में हर साल की तरह इस साल भी सीरत उन नबी सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की शान में जलसा हुआ, जिसमें मुफ्ती अबरारुल हक मुफ्ती अब्दुल कलाम रसूलपुर औरंगाबाद मेरठ ने खिताब फरमाते हुए कहा कि हम सभी को पैगम्बर के बताए रास्ते पर चलना चाहिए, पांच वक़्त की नमाज़ पाबंदी से पढ़नी चाहिए। उन्होंने आगे कहा इस्लाम में जुआ, चोरी, गेम, नशा, शराब, सट्टा हराम हैं, ब्याज़ लेना-देना दोनों हराम हैं। जलसे की सदारत मुफ्ती अब्दुल रहमान साहब मदरसा अंसार उल उलूम नौगावां ने की और निज़ामत सलीम अहमद ने की। इस मौके पर हजरत मौलाना मुफ्ती इमरान उल्लाह, मुफ्ती मोहम्मद खालिद, मुफ्ती अबरारुल हक़, हज़रत मौलाना साद हज़रत कारी हैदर अली, मौलाना सुल्तान, मुफ्ती अकील, कारी मसरूर, मौलाना आबिद, मौलाना गय्यूर एवं नगर के सभी उलेमा मौजूद रहे।

# कब्रिस्तान में मय्यत दफ़नाने के लिए भी पैसों की मांग

# रकम न देने पर लौटा दिया जनाजा

## स्योहारा में नगर पालिका के कब्रिस्तान पर कथित कमेटी की दबंगई का आरोप

**स्योहारा ( चिंगारी )**। इंसान की जिंदगी में सबसे भावुक क्षण वह होता है, जब किसी अपने को अंतिम विदाई देकर सुपुर्द-ए-खाक किया जाता है, लेकिन स्योहारा में एक परिवार ने आरोप लगाया है कि उसे अपने भाई को नगर पालिका के अधीन बताए जा रहे कब्रिस्तान में दफनाने के लिए भी कथित तौर पर बड़ी रकम देने को कहा गया। रकम देने से इनकार करने पर कब्र खोदने से रोकने, गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार किए जाने का आरोप है। मामला अब नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी तक पहुंचा है। पीड़ित ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

मोहल्ला भिलकियान निवासी नौशाद हुसैन पुत्र मोहम्मद इलियास ने अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद स्योहारा को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसके भाई शादाब की करीब 11 माह पहले मृत्यु हुई थी। परिवार जब शादाब की मय्यत को दफनाने के लिए उक्त कब्रिस्तान पहुंचा तो वहां कथित रूप से स्वयंभू कमेटी के लोगों ने उनसे पांच हजार रुपये की मांग की। शिकायतकर्ता के अनुसार, परिवार ने मजबूरी में यह रकम दे दी। उस समय कमेटी की ओर से रसीद देने की बात कही गई, लेकिन आरोप है कि आज तक कोई रसीद उपलब्ध नहीं कराई गई।

शिकायत के मुताबिक, 22 अगस्त 2026 को नौशाद के दूसरे भाई शमशाद हुसैन का भी इंतकाल हो गया। परिवार ग़म में डूबा हुआ जनाजा लेकर उसी कब्रिस्तान में पहुंचा। परिजन अंतिम संस्कार की तैयारी में जुटे ही थे कि कथित कमेटी से जुड़े लोगों ने इस बार 40 हजार रुपये की मांग कर दी। परिवार ने इतनी बड़ी धनराशि देने में असमर्थता जताई तो आरोप है कि कब्र खोदने से साफ इनकार कर दिया गया।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि विरोध करने पर उसके और परिवार के साथ गाली-गलौज एवं अभद्र व्यवहार किया गया और मारपीट पर उतारू होने जैसी स्थिति पैदा हो गई। हालात बिगड़ने पर परिवार को जनाजा वापस लेकर लौटना पड़ा। बाद में शमशाद को दूसरे कब्रिस्तान में दफनाया गया। घटना ने परिवार को आर्थिक परेशानी के साथ-साथ गहरी मानसिक पीड़ा भी पहुंचाई।

पीड़ित परिवार का कहना है कि कब्रिस्तान में मृतक को दफनाना किसी परिवार के लिए पहले ही बेहद भावुक और दुखद समय होता है। ऐसे समय में पैसों को लेकर दबाव बनाए जाने और कब्र खोदने से रोकने का आरोप बेहद गंभीर है। शिकायतकर्ता ने कहा है कि यदि कब्रिस्तान नगर पालिका के अधीन है तो किसी निजी या स्वयंभू कमेटी को मृतकों के परिजनों से

## मय्यत को दूसरे कब्रिस्तान में दफ़नाने को मजबूर हुआ परिवार, ईओ से कार्रवाई की मांग

मनमाने ढंग से धनराशि वसूलने का अधिकार कैसे मिला, इसकी जांच होना जरूरी है।

नौशाद हुसैन ने नगर पालिका प्रशासन से कथित कमेटी के गठन, उसके अधिकार और कब्रिस्तान की वास्तविक स्वामित्व एवं प्रबंधन व्यवस्था की जांच कराने की मांग की है। साथ ही शादाब की मृत्यु के समय कथित रूप से लिए गए पांच हजार रुपये और 22 अगस्त को मांगे गए 40 हजार रुपये की भी जांच की मांग की गई है।

शिकायत में यह भी कहा गया है कि यदि मामले में नगर पालिका के किसी अधिकारी या कर्मचारी की संलिप्तता अथवा मिलीभगत सामने आती है तो उसके खिलाफ भी नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

पीड़ित ने 22 अगस्त की कथित घटना में कब्र खोदने से रोकने, गाली-गलौज करने और मारपीट पर उतारू होने वाले लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इसके अलावा कब्रिस्तान में दफनाने की प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की अवैध वसूली या दबंगई न हो, इसके लिए आवश्यक पुलिस सुरक्षा व्यवस्था कराने की मांग भी की गई है।

शिकायतकर्ता ने अपने परिवार और मोहल्ले के लोगों को संबंधित व्यक्तियों से धमकी अथवा नुकसान की आशंका भी जताई है। उसने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई तथा भविष्य में किसी अन्य परिवार को ऐसी स्थिति का सामना न करना पड़े, इसके लिए ठोस व्यवस्था किए जाने की मांग की है।

## डॉ. परवेज फैमिली का शूटिंग में जलवा, पति-पत्नी व दो बेटों ने देश-विदेश में लहराया परचम

**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। नजीबाबाद की डॉ. परवेज फैमिली ने शूटिंग के क्षेत्र में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार उपलब्धियां हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। खास बात यह है कि इस परिवार में पति-पत्नी व उनके दो बेटों सहित चारों शूटिंग के खिलाड़ी विभिन्न प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुके हैं। परिवार के सदस्य अब्दुल्लाह परवेज 50 मीटर 22 राइफल प्रोन तथा 300 मीटर बिग-बोर राइफल शूटिंग के अनुभवी निशानेबाज हैं। उन्होंने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। 2019 में ऑल इंडिया गवर्नमेंट मावलांकर शूटिंग चैम्पियनशिप में 300 मीटर बिग-बोर राइफल में कांस्य पदक, जबकि यूपी स्टेट शूटिंग चैम्पियनशिप में 50 मीटर प्रोन राइफल में 591/600 के शानदार स्कोर के साथ दो रजत पदक हासिल किए। हमज़ा परवेज ने भी शूटिंग में लगातार शानदार प्रदर्शन किया है। वर्ष 2023, 2024 व 2025 में लगातार तीन वर्षों तक 50 मीटर प्रोन राइफल में क्वालीफाई किया। 2025 में यूपी स्टेट शूटिंग चैंम्पियनशिप में 50 मीटर 3- में गोल्ड मेडल जीता। 2026 में भोपाल में 50 मीटर प्रोन राइफल में कांस्य तथा दिल्ली में आयोजित यूपी स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में 50 मीटर राइफल में कांस्य पदक हासिल किया। डॉ. शाहबाज मोहम्मद परवेज ने 2014 में शूटिंग की शुरुआत की व 50 मीटर 3 में पहला गोल्ड मेडल जीता। 2023 में 10 मीटर एयर पिस्टल में गोल्ड सहित कई पदक हासिल किए। रुमाना परवेज ने भी 2026 स्टेट शूटिंग चैम्पियनशिप में 50 मीटर राइफल में 543 का स्कोर हासिल कर क्वालीफाई किया। इससे पहले भी वह गोल्ड मेडल जीत चुकी हैं। इस शानदार उपलब्धि की जानकारी मिलने पर साहनपुर चेयरमैन एवं आज़ाद समाज पार्टी के मुरादाबाद मंडल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी चिकित्सक परिवार के आवास पर पहुंचकर उनकी उपलब्धियों के लिए मुबारकबाद दी।



चिकित्सक परिवार को मुबारकबाद पेश करते साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी।

### साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने उपलब्धि हासिल करने वाले परिवार का किया सम्मान

## किंग कोबरा को घर में देख घबरा गए परिजन, वनकर्मियों ने रेस्क्यू किया



**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )**। गुलदार के आतंक के साथ-साथ क्षेत्रवासी कई अन्य वन्यजीवों से भी परेशान हैं। हाथी, टाइगर, नील गाय ही नहीं, बल्कि वन क्षेत्र से निकलकर आ रहे खतरनाक विषैले सांपों को देखकर भी लोग सहम जाते हैं। अमानगढ़ टाइगर रिजर्व एरिया की क्षेत्राधिकारी श्रीमती अंकिता किशोर ने बताया कि ग्राम फतेहपुर धारा में जगदीश सिंह के घर खतरनाक सांप होने की सूचना पर पहुंचे वन दरोगा फूल सिंह व सहयोगी वनकर्मियों ने उसे सकुशल रेस्क्यू किया और अमानगढ़ के कंपार्टमेंट नंबर 6 में सुरक्षित छोड़ दिया। अंकिता किशोर ने बताया कि रेस्क्यू किए गया सांप किंग कोबरा था जिसकी लंबाई लगभग 12-13 फिट थी।



### वन्यजीव को देखते ही सूचना दें

**अमानगढ़ टाइगर रिजर्व एरिया की क्षेत्राधिकारी श्रीमती अंकिता किशोर ने क्षेत्रवासियों से किसी भी वन्यजीव के दिखाई दिए जाने पर स्थानीय वनकर्मियों को तुरंत सूचना दिए जाने और उसे रेस्क्यू करने में सहयोग करने का आह्वान किया है। अंकिता किशोर का कहना है कि दिखाई दिए गए वन्यजीव के साथ कोई छेड़छाड़ न करें जिससे कि वह आक्रामक मूड में न आ पाए।**

# जनता के चहेते बने सीओ अंजनी कुमार धामपुर में अभिनंदन हुआ शानदार



**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर के मोहल्ला गुजरातियान स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में बुधवार की शाम आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह में श्रावण मास के दौरान कावड़ियों के लिए बेहतर व्यवस्था किए जाने पर पुलिस क्षेत्राधिकारी डा. अंजनी कुमार चतुर्वेदी को नगर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं की ओर से सम्मानित किया गया।

सर्व ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष अनिल शर्मा एडवोकेट के संयोजन में आयोजित अभिनंदन समारोह में पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि धामपुर की जनता का प्रेम, स्नेह और सहयोग ही मेरी सेवा (ड्यूटी) की पूंजी है। उन्होंने कहा कि सेवा मानव जीवन का एक अंग है हम यदि नि:स्वार्थ भाव से सेवा करते हैं तो वह जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने कहा कि श्रावण मास के दौरान धामपुर सर्कल में पुलिस टीम ने इतनी अच्छी व्यवस्था बनाई थी कि पूरी कांवड़ यात्रा बिना किसी बाधा, बिना किसी दुर्घटना के सम्पन्न हुई। उन्होंने बताया कि कावर यात्रा के दौरान धामपुर सर्किल में धामपुर से लेकर सहसपुर और नहटौर से लेकर फुलसंदा तक कई स्थानों पर सामाजिक संस्थाओं ने कैंप लगाकर कावतियों की सेवा की। समारोह में मंचासीन पूर्व भाजपा विधायक डॉक्टर इंद्रदेव सिंह,नगर पालिका अध्यक्ष रवि कुमार सिंह, पूर्व पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता, समाजसेवी चिकित्सक डॉक्टर आदित्य अग्रवाल, डा. एनपी सिंह, शेरकोट निवासी शरद चंद शर्मा, भाजपा नगर अध्यक्ष दीपक अग्रवाल, सरदार सतवंत सिंह सलूजा, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने भी विचार व्यक्त किये। पुलिस क्षेत्राधिकारी का स्वागत करने वालों में नगर की दो दर्जन से भी अधिक सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने माल्यार्पण व पटका पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह देकर पुलिस क्षेत्राधिकारी का भावपूर्ण स्वागत किया।

## किशोरी के साथ छेड़छाड़ के आरोपियों को पकड़ा

**शेरकोट ( चिंगारी )।** क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री मंगलवार की शाम छ बजे शेरकोट से ट्यूशन पढ़कर घर लौट रही थी। आरोप है कि जब किशोरी रामसहायवाला चुंगी के पास पहुंची तो वहां खड़े ग्राम रामसहायवाला निवासी अहतेशाम और उसके बाल अपचारी साथी ने बाइक से उसका पीछा कर किशोरी से छेड़छाड़ की और जबरदस्ती उसे अपनी बाइक पर बैठाकर ले जाने का प्रयास किया। किशोरी द्वारा घटना की जानकारी परिजनों को दिये जाने पर उन्होंने थाने पहुंचकर पुलिस को घटना की जानकारी देते हुए कार्रवाई की मांग की। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने बाल अपचारी सहित दोनों आरोपियों के विरुद्ध पोक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर बुधवार को दोनों आरोपियों को पकड़ लिया।

# तीन दिन फ्री मिलेगी बस महिलाओं से भरी ठसाठस

**धामपुर ( चिंगारी )।** प्रदेश की योगी सरकार द्वारा रक्षाबंधन के पावन पर्व पर महिलाओं को तीन दिन तक रोडवेज बसों में नि:शुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान किए जाने पर आज रोडवेज बस स्टेशन धामपुर पर अपने अपने मायके जाने वाली महिलाओं की भीड़ लगी रही। ऐसे में रोडवेज स्टेशन इंचार्ज को अतिरिक्त बसों की व्यवस्था करनी पड़ी। बस स्टेशन के अतिरिक्त नगीना चौराहा, नहटौर तिरहा, महाराणा प्रताप चौक आदि स्थानों पर भी महिलाएं रोडवेज की बसों में बैठने के लिए पहुंची। रात से पड़ रही झमाझम बारिश के बावजूद महिलाओं में मायके जाने का उत्साह बना हुआ है। श्रीमती रुक्मिणी देवी, कुसुम लता, बृजबाला अग्रवाल, पूजा रानी, बबीता रानी, मिथिलेश कुमारी, कविता रानी आदि का कहना है कि प्रदेश की योगी सरकार में कांवड़ यात्रा धूमधाम से संपन्न कराने के बाद महिलाओं को रक्षाबंधन पर्व को अपने मायके में मनाने का अवसर प्रदान किया है, जिसके लिये वह योगी जी की आभारी हैं।

## मानियावाला में पिंजरा लगाने की मांग

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** पिछले कुछ दिनों से गुलदार की बढ़ती आवाजाही व गत दिवस गुलदार द्वारा एक नीलगाय को मौत के घाट उतार दिए जाने पर जहां एक ओर ग्रामीणों में गुलदार को लेकर भय का माहौल है वहीं वन विभाग के खिलाफ आक्रोश है। वनकर्मी अंकित कुमार व मुजीबुर्रहमान के साथ मिलकर मृत नीलगाय को दफनाने के बाद ग्राम प्रधान पति तसव्वर कुरैशी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने एकत्र होकर वन विभाग के प्रति आक्रोश जताते हुए मानियावाला में पिंजरा लगाए जाने की मांग की है। इस दौरान जाहिद, नसीम, शहाबुद्दीन, ऋषभ चौहान नंबरदार, राजवीर सिंह, विशाल नंबरदार, मौ. युसूफ, नरेंद्र सिंह नंबरदार, मोईन व सीताराम सिंह आदि ग्रामीण मौजूद रहे।



वन विभाग के खिलाफ आक्रोशित ग्रामीण।

## गुलदार ने चमरौला में गौवंश को मार डाला, भय व्याप्त

**चांदपुर ( चिंगारी )।** ग्राम बसंतपुर के बाद गुलदार द्वारा ग्राम चमरौला में छुट्टा गौवंश को अपना निवाला बनाये जाने से ग्रामीणों में भय बना हुआ है। ग्रामीणो के अनुसार गौवंश मृत अवस्था में चन्द्रपाल सिंह के खेत में पड़ा मिला। ग्रामीणो ने बताया कि क्षेत्र में पिछले काफी समय से गुलदार दिखाई दे रहा है। गुलदार तीन दिन पूर्व ग्राम बसंतपुर में एक गौवंश व एक बकरी को अपना निवाला बना चुका है। क्षेत्र के ग्राम हीमपुर बुजुर्ग काजीशोरा, सूंदरा, कराल रोड, बसंतपुर, बासटा रोड, जलालुद्दीनपुर आदि गांवों में गुलदार दिखाई देने से ग्रामीणों में भय बना हुआ है। गुलदार के भय से किसान अकेले जंगल जात तथा देर सवेर मोटरसाइकिल से चांदपुर से गांव जाने वाले ग्रामीण अकेले गांव जाते हुए धबरा रहे है।



फाइल फोटो

## सड़क के बीचोंबीच खुला पड़ा नाला

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** सड़क के बीचों-बीच खुला पड़ा नाला राहगीरों के लिए हादसे का सबब बना हुआ है। रात के समय पर्याप्त रोशनी नहीं होने के कारण यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला गौहर अली खान में (वाल्मीकि बस्ती के नजदीक) सड़क के बीचो-बीच नाला लगभग कई माह से खुला हुआ है। स्थानीय निवासी आकाश अग्रवाल, सुमित, केशव आदि ने बताया कि सड़क पर बने इस नाले की वजह से लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। दोपहिया वाहन चालक और पैदल राहगीर विशेष रूप से खतरे में हैं। उनका कहना है कि नाला खुला होने के कारण किसी वाहन का पहिया इसमें फंसने या राहगीर के गिरने से गंभीर दुर्घटना हो सकती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि नाले के किनारों को फिलहाल पत्थर आदि से ढकने का प्रयास किया गया है लेकिन यह स्थायी समाधान नहीं है। लोगों ने पालिका प्रशासन से मांग की है कि सड़क की मरम्मत कराकर नाले को तत्काल बंद कराया जाए, ताकि किसी अनहोनी से बचा जा सके। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी एसपी सिंह का कहना है कि जल्द ही खुले नाले को ठीक कर दिया जाएगा।



# आई कैम्प में 100 मरीजों की जांच की गई

### आप्रेशन भी नि:शुल्क कराया जायेगा



**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** नगर के मोहल्ला बेगम सराय स्थित मरहूम हकीम मसूद के निवास पर सुरुश अनवर मसूद एडवोकेट के संयोजन में डॉ. सीएल गुप्ता आई इंस्टीट्यूट, मुरादाबाद के डॉक्टरों द्वारा नि:शुल्क आंखों का कैंप लगाया गया। कैंप का उद्घाटन राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व चेयरमैन शेख सुलेमान और चेयरपर्सन पति जावेद विकार ने फीता काटकर किया।

कैंप में करीब 100 मरीजों की आंखों की जांच की गई तथा उन्हें नि:शुल्क दवाइयां दी गईं। डॉ. राजवीर सिंह ने बताया कि जिन मरीजों की आंखों का ऑपरेशन होना है, उनका ऑपरेशन भी नि:शुल्क किया जाएगा। मरीजों को मुरादाबाद ले जाने और ऑपरेशन के बाद वापस घर पहुंचाने की भी नि:शुल्क व्यवस्था की जाएगी। इस मौके पर शेख सुलेमान ने कहा कि डॉ. सीएल गुप्ता आई इंस्टीट्यूट की ओर से नि:शुल्क कैंप लगाकर मरीजों की जांच करना, दवाइयां देना और जरूरत पड़ने पर मुरादाबाद ले जाकर आंखों में नि:शुल्क लैंस डलवाना बहुत बड़ा नेक काम है। जावेद विकार ने कहा कि गरीब और जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए इस तरह के कैंप लगाना बड़ी समाजसेवा है। युवा नेता शेख मौ. जैद ने कहा कि बहुत से गरीब लोग आंखों में लैंस डलवाने का खर्च नहीं उठा पाते। ऐसे लोगों को मुरादाबाद ले जाकर नि:शुल्क लैंस डलवाना और उन्हें वापस घर पहुंचाना सराहनीय खिदमत है। कैंप संयोजक सुरुश अनवर मसूद एडवोकेट ने कहा कि गरीबों की मदद के लिए पहले भी इस तरह के कैंप लगाए जाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह अपने दादा मरहूम हकीम मसूद के नक्शेकदम पर चलते हुए समाजसेवा के कार्य कर रहे हैं। इस मौके पर शेख सुलेमान, जावेद विकार, शेख मौ. जैद, सलीम अहमद, सभासद मौ. अज़हर, सभासद मौ. इमरोज, सभासद कलवा कुरैशी, इदरीस कुरैशी, मौ. शाहिद चमोला आदि मौजूद रहे।



# रोज खाएं एक कटोरी दाल



## दाल में है फाइबर और प्रोटीन, कोलेस्ट्रॉल और ब्लड शुगर को रखे कंट्रोल

*हाल ही में अमेरिकी जर्नल 'न्यूट्रिएंट्स' में एक स्टडी पब्लिश हुई है। स्टडी के मुताबिक अगर 3 महीने तक डाइट में प्रतिदिन दाल को शामिल किया जाए तो कोलेस्ट्रॉल और शुगर लेवल कंट्रोल में रहता है। दाल में हाई डाइटरी फाइबर और प्रोटीन के साथ पॉलीफेनोल्स जैसे कई ऐसे बायोएक्टिव होते हैं, जो मेटाबॉलिज्म के लिए फायदेमंद हैं। इसके अलावा अमेरिका के कृषि विभाग (USDA) ने भी इस पर एक स्टडी की है। यह स्टडी कहती है कि अगर हम अपने रोजमर्रा के भोजन में दाल को शामिल करते हैं तो इससे लिवर को किसी तरह का नुकसान नहीं होता। उल्टे यह शरीर में प्रोटीन और फाइबर की मात्रा को संतुलित रख हमें फायदा ही पहुंचाता है। मूंग, अरहर, उड़द, चना और मसूर यह मुख्य दालें होती हैं। यह दालें साबुत और छिल्का निकालकर खाई जा सकती हैं। यह दोनों ही तरीकों से फायदेमंद हैं। वहीं फलियां भी दाल के परिवार का ही एक हिस्सा हैं, जिसमें राजमा, काबुली चना, मटर, सेम, सोयाबीन वगैरह शामिल हैं।*

1 **कैंसर और डायबिटीज जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा कम :-** नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन की एक रिपोर्ट के मुताबिक प्रतिदिन दाल खाने से मोटापा, डायबिटीज, कैंसर और दिल से जुड़ी बीमारियों का खतरा कम होता है। दालों में मैग्नीशियम, जिंक, आयरन, फोलेट और सेलेनियम जैसे मिनरल्स होते हैं। ये मिनरल्स शरीर में बनने वाले ट्यूमर सेल्स की ग्रोथ को रोकते हैं।

2 **दाल खाने से पाचन तंत्र बनता मजबूत :-** इंटरनेशनल साइंटिफिक जरनल इलेक्ट्रॉनिक जर्नल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी में प्रकाशित एक स्टडी के मुताबिक दालों में प्रीबायोटिक फाइबर भरपूर मात्रा में होता है, जो पाचन तंत्र को दुरुस्त रखता है। यानी नियमित रूप से पर्याप्त मात्रा में दाल खाने से कब्ज, गैस जैसी समस्या नहीं होती। शरीर की इम्यूनिटी का सीधा संबंध हमारे गट यानी पेट से है। ऐसे में अगर पाचन तंत्र सही रहेगा तो इम्यूनिटी भी मजबूत होगी।

3 **दिल को स्वस्थ रखने में मददगार दालें :-** दालों में फैट न के बराबर होता है। दालें फाइबर, फोलेट और मैग्नीशियम से भरपूर होती हैं, जो ब्लड शुगर लेवल और कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने में मदद करती हैं। साथ ही दालों में मौजूद आयरन और विटामिन Bv दिल की धड़कन को स्थिर बनाए रखने में मदद करता है।

4 **ब्लड शुगर लेवल को रखे कंट्रोल :- नियमित रूप से दाल खाने से ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल में रहता है, क्योंकि दालों में मौजूद प्रोटीन और फाइबर इंसुलिन को कम करने में मदद करते हैं।**

5 **नियमित दाल खाने से मसल्स बनें स्ट्रॉन्ग:- दालें मसल्स की ग्रोथ में मददगार हैं, क्योंकि दाल प्रोटीन का एक अच्छा स्रोत है। प्रोटीन हड्डियों और त्वचा के निर्माण में भी फायदेमंद है। सिर्फ 100 ग्राम कच्ची मूंग दाल में लगभग 24 ग्राम प्रोटीन पाया जाता है। इसमें कैल्शियम और कार्बोहाइड्रेट भी पर्याप्त मात्रा में मौजूद है।**




### किस दाल में कितना प्रोटीन और कितनी कैलोरी होती है


*⏭ 100 ग्राम उड़द की दाल में लगभग 350 कैलोरी और 24 ग्राम प्रोटीन होता है। ⏭ 100 ग्राम चने की दाल में लगभग 250 कैलोरी और 13 ग्राम प्रोटीन होता है। ⏭ 110 ग्राम अरहर दाल में 12.56 प्रोटीन, 206 कैलोरी और 3.39 ग्राम फैट होता है। ⏭ 100 ग्राम मूंग दाल में 118 कैलोरी और 8 ग्राम प्रोटीन होता है। ⏭ 100 ग्राम मसूर दाल में 116 कैलोरी और 9 ग्राम प्रोटीन होता है।*

एक दिन में कितनी मात्रा में दाल खाना सही:- जैसे कि यदि आपका वजन 50 किलोग्राम है तो आपकी डेली डाइट में 50 ग्राम प्रोटीन होना चाहिए। 100 ग्राम पकी दाल में लगभग 7 ग्राम प्रोटीन मिलता है।

### बहुत ज्यादा मात्रा में दाल खाने से यह नुकसान हो सकते हैं

*⏭ ज्यादा दाल खाने से गैस और अपच की समस्या हो सकती है, क्योंकि दाल में मौजूद प्रोटीन को पचने में समय लगता है। ⏭ ज्यादा दाल खाने से एलर्जी भी हो सकती है। आमतौर पर ऐसा सोयाबीन को लेकर ज्यादा होता है। इसे पचाना भी मशक्कत का काम है। ⏭ ज्यादा दाल खाने से किडनी में पथरी की समस्या हो सकती है क्योंकि दाल में ऑक्सीलेट पाया जाता है। ⏭ अगर आप गठिया के मरीज हैं तो चना, राजमा जैसी दालें खाने से बचना चाहिए। इससे सूजन और दर्द की समस्या बढ़ सकती है।*

## मनोरंजन



# मौत के बाद दूसरी दुनिया की यात्रा

### फिर जिंदा हुए शख्स ने सुनाई हैरान कर देने वाली कहानी

गजब

2 जुलाई, 1984 को एक बिज़नेस पार्टनर से झगड़े के बाद, डौघर्टी सड़क के किनारे गिर पड़े, उन्हें ऐसा लगा जैसे वे किसी गहरे, कभी न खत्म होने वाले गड्ढे में गिर रहे हों। मेडिकल रिकॉर्ड्स से पता चलता है कि उन्हें सांस लेने में तकलीफ़ और दिल का दौरा पड़ा था और वे एक घंटे छह मिनट तक चिकित्सकीय रूप से मृत (Clinically Dead) थे। द एपोक टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक डौघर्टी ने बताया कि उस समय मैं सचमुच हर मायने में मर चुका था। ... और इसके बाद दूसरी दुनिया में मेरी यात्रा शुरू हुई। डौघर्टी के अनुसार, उनकी चेतना ने उनके शरीर को छोड़ दिया, एक दूसरी दुनिया में चली गई, और एक शानदार सुनहरी रोशनी में डूब गई– जो सूरज से भी ज़्यादा चमकदार थी, फिर भी उससे कोई तकलीफ़ नहीं हो रही थी। अचानक डौघर्टी के साथ उनके गुजर चुके सबसे अच्छे दोस्त, डैनियल मैककैम्पबेल भी आ गए, जिनकी मौत वियतनाम युद्ध के दौरान हुई थी। डैनियल ने डौघर्टी से कहा कि मैं तुम्हें रास्ता दिखाने आया हूं। तुम्हारी जिंदगी में आगे एक मकसद है। जब डौघर्टी होश में आए, तो वे एक बिल्कुल अलग इंसान बन चुके थे। इसके बाद, नेड की मुलाकात एक अलौकिक, प्रकाशमान सत्ता से हुई, जिसे उन्होंने 'लेडी ऑफ लाइट' (प्रकाश की देवी) कहा। वहां उन्हें उनके पूरे जीवन की एक फिल्म दिखाई गई (Life Review), जहां उन्होंने देखा कि कैसे उनके अहंकार और पैसों की भूख ने उन्हें एक असंवेदनशील इंसान बना दिया। इस रहस्यमयी अनुभव के दौरान, नेड को पृथ्वी के भविष्य से जुड़ी कुछ बातें और चेतावनियां भी दिखाई गईं। दिलचस्प बात यह है कि उन्होंने साल 2001 में एक किताब लिखी थी, जिसमें उन्होंने 9/11 के आतंकवादी हमले जैसी घटना का जिक्र (न्यूयॉर्क पर आसमान से होने वाले हमले के रूप में) किया था, जो बाद में सच साबित हुई। होश में आने के बाद नेड का नाइट क्लब, पैसों और लग्जरी गाड़ियों से मोह पूरी तरह भंग हो चुका था। उन्होंने अपनी आलीशान संपत्तियां बेच दीं और अपना पूरा जीवन आध्यात्मिकता, दूसरों की मदद करने और अपने इस अनुभव को दुनिया के साथ साझा करने में लगा दिया। उन्होंने 'फास्टलेन टू हेवन' (Fast Lane to Heaven) नाम की एक मशहूर किताब लिखी और लोगों को यह समझाने में जुट गए कि जीवन का असली मकसद पैसा कमाना नहीं, बल्कि प्रेम और शांति फैलाना है। उन्होंने वे काम भी किए जिन्हें वे कभी छोटा समझते थे– जैसे कूड़ा बाहर निकालना, बाथरूम साफ़ करना और ट्रैफिक कंट्रोल करना।

# 'लुटेरा' की रिलीज को 13 साल पूरे

### सोनाक्षी सिन्हा ने फिल्म के एक गाने में पहनी थीं 9 साड़ियां

बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह और सोनाक्षी सिन्हा की फिल्म 'लुटेरा' की रिलीज को 13 साल पूरे हो गए हैं। विक्रमादित्य मोटवानी के निर्देशन में बनी 'लुटेरा' एक कल्ट क्लासिक फिल्म है। इस फिल्म के गाने काफी पसंद किए गए। फिल्म 'लुटेरा' के एक गाने में सोनाक्षी ने 9 अलग-अलग साड़ियां पहनी थीं। फिल्म की कहानी 50 के दशक में आधारित थी जिसकी वजह से सोनाक्षी ढेर सारी साड़ियां पहने हुए ही नजर आईं। फिल्म के गाने 'संवार लूं' में सोनाक्षी के लिए खास तरीके से साड़ियां चुनी गईं, जिसमें उनकी खूबसूरती और निखरकर आए और उनके रूप में उस दशक की झलक दिखे। सिर्फ इस गाने के लिए सोनाक्षी को 9 प्रकार की साड़ियां पहननी थीं, जिनकी कीमत लगभग 3 लाख रुपए थी। प्रत्येक साड़ी की कीमत 30 से 35 हजार रुपए के बीच थी। इस गाने के शूट होने के बाद जो इसका परिणाम आया उससे सभी बेहद खुश थे, खासतौर से सोनाक्षी। सोनाक्षी ने कहा था, विक्रम और उनकी टीम ने लुटेरा में मुझे खूबसूरत दिखाने के लिए बहुत बढ़िया काम किया। अब तो मैं साड़ी पहनने में एक्सपर्ट हो चुकी हूं। संवार लूं गाने में मैंने 9 अलग साड़ियां पहनी हैं। जब मैंने परिणाम देखा तो लगा सभी की मेहनत सफल रही है। बता दें कि फिल्म 'लुटेरा' का ऑफर रणवीर सिंह ने पहले ठुकरा दिया था। बाद में विक्रमादित्य ने उन्हें फिर से स्क्रिप्ट रीडिंग के लिए बुलाया और स्क्रिप्ट खुद पढ़कर सुनाई। इसके बाद रणवीर सिंह ने इस फिल्म के लिए हामी भरी। फिल्म में रणवीर ने अपने बीते कल से परेशान एक व्यक्ति का किरदार बखूबी निभाया।

# रक्षाबंधन पर रोडवेज ने बहनों के लिए बढ़ाये बसों के फेरे

## बिजनौर डिपो की सभी 151 बसें रहेंगी अतिरिक्त चक्कर पर, 27 से 29 अगस्त तक महिलाओं को मुफ्त याता की सुविधा

**बिजनौर (चिंगारी)।** रक्षाबंधन के पर्व पर बहनों को भाइयों तक पहुंचने में किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने विशेष तैयारियां की हैं। त्यौहार के दौरान यात्रियों की बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए बिजनौर डिपो की ओर से सभी प्रमुख मार्गों पर बसों के चक्कर बढ़ा दिए गए हैं। इससे रक्षाबंधन पर अपने मायके और ससुराल जाने वाली महिलाओं को आवागमन में सुविधा मिलेगी। बिजनौर डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक (एआरएम) अशोक कुमार ने बताया कि बिजनौर डिपो से वर्तमान में कुल 151 बसों का संचालन किया जा रहा है। रक्षाबंधन को लेकर इन सभी बसों के फेरे 27, 28 और 29 अगस्त को बढ़ाए गए हैं। डिपो से संचालित होने वाले सभी रूटों पर यात्रियों की जरूरत के अनुसार बसों के अतिरिक्त चक्कर लगाए जाएंगे। रक्षाबंधन के अवसर पर प्रदेश सरकार की घोषणा के अनुसार 27, 28 और 29 अगस्त को महिलाओं के लिए रोडवेज बसों में यात्रा निःशुल्क रहेगी। ऐसे में इन तीन दिनों में बड़ी संख्या में महिलाओं के बसों से यात्रा करने की संभावना है। इसे देखते हुए परिवहन निगम ने पहले से ही अतिरिक्त बस संचालन और फेरे बढ़ाने की तैयारी की है। रक्षाबंधन के दिन बसों में भीड़ बढ़ने की संभावना को देखते हुए परिवहन निगम की ओर से व्यवस्था को सुचारू रखने पर जोर दिया जा रहा है। परिवहन निगम ने बिजनौर डिपो से संचालित सभी 151 बसों के फेरे बढ़ाने का निर्णय लिया है। अधिकारियों का कहना है कि यात्रियों की भीड़ के अनुसार बसों का संचालन किया जाएगा, ताकि रक्षाबंधन के दौरान यातायात व्यवस्था बेहतर बनी रहे और यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में परेशानी न हो।




### निगरानी की जाएगी

**एआरएम ने यात्रियों से अपील की है कि वे त्यौहार के दौरान परिवहन निगम की बस सेवा का लाभ उठाएं। डिपो स्तर पर बसों के संचालन और फेरों की लगातार निगरानी की जाएगी, ताकि किसी मार्ग पर यात्रियों की अधिक भीड़ होने की स्थिति में आवश्यकतानुसार व्यवस्था की जा सके।**

# बिना पंजीकरण के नहीं चलेंगे ई-रिक्शा

### यातायात पुलिस ने की 130 रिक्शाओं की जांच, दो को सीज किया

**बिजनौर (चिंगारी)।** यातायात पुलिस ने शहर में ई-रिक्शाओं के सत्यापन के लिए अभियान चलाया। अभियान के दौरान 130 ई-रिक्शाओं को पकड़कर पुलिस लाइन परिसर में खड़ा कराया गया। जांच में 12 ई-रिक्शा अपंजीकृत पाई गईं। अपंजीकृत ई-रिक्शा संचालकों ने पंजीकरण कराने के लिए एक सप्ताह का समय मांगा। इस पर उन्हें हिदायत देकर छोड़ दिया गया। बुधवार को यातायात प्रभारी रवि नैन के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पर ई रिक्शाओं की जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 51 ई-रिक्शाओं पर चालक की पहचान प्लेट बनवाने के लिए आवश्यक दस्तावेज जमा कराने की कार्रवाई की गई। वहीं 65 ई-रिक्शाओं पर यूनिक नंबर लगाए गए। जांच में दो ऐसे ई-रिक्शा भी मिले, जिनका पंजीकरण संभव नहीं था। दोनों ई-रिक्शाओं को सीज कर दिया गया। यातायात पुलिस ने सभी को निर्देश दिए गए कि एक सप्ताह के भीतर वाहन विक्रेता डीलर के माध्यम से ई-रिक्शाओं का पंजीकरण करा लें। भविष्य में अपंजीकृत ई-रिक्शा मिलने पर उन्हें सीज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। यातायात प्रभारी दरोगा रवि नैन ने बताया कि ई-रिक्शाओं की जांच को अभियान चलाया गया, जिसमें दो ई-रिक्शा सीज की गईं। उन्होंने ई-रिक्शा चालकों और स्वामियों से वाहनों का पंजीकरण कराने तथा आवश्यक दस्तावेज पूरे रखने की अपील की है।

# डा. महेश दिवाकर को मिला 'डा. शिवबहादुर सिंह भदौरिया स्मृति सम्मान'

**मुरादाबाद (चिंगारी)।** लब्ध प्रतिष्ठित साहित्यकार और साहित्यभूषण- सम्मान से विभूषित हिंदी के सेवानिवृत आचार्य डा. महेश 'दिवाकर' को साहित्य जगत में उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए रायबरेली जनपद मुख्यालय पर आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा डा. शिवबहादुर सिंह भदौरिया स्मृति सम्मान से विभूषित किया गया। ज्ञातव्य है कि डा. महेश दिवाकर ने अभी तक हिंदी को एक सौ से अधिक मौलिक कृतियां और इतने ही संपादित ग्रंथ दिये हैं। उन्होंने विश्व के 31 देशों में हिंदी के लिए समारोह आयोजित किये हैं और यात्राएं की हैं। 55 से अधिक शोध छात्रों ने उनके निर्देशन में पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त की है। मुरादाबाद के मिलन विहार में उन्होंने एक 11 कक्षीय भवन का निर्माण किया है, जिसमें देश-विदेश से आकर साहित्यकार निःशुल्क रुकते हैं। इस अवसर पर लखनऊ की साहित्यकार पद्मश्री डा. विद्याविंदु सिंह को भी इसी सम्मान से विभूषित किया गया। इसी समय कुछ स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारों के सदस्यों को भी सम्मानित किया गया। सम्मान स्वरूप डा. महेश दिवाकर को स्व. राजा बेनी माधव बख्श सिंह की एक भव्य प्रतिमा और नामांकित सम्मान-पत्र तथा भगवा-वस्त्र भी प्रदान किये गए।



# राकेश शर्मा की माता जी के निधन पर शोक जताया

**बिजनौर (चिंगारी)। गोविंदा मॉर्निंग क्लब बिजनौर** की एक शोक सभा नेहरू स्टेडियम बिजनौर में संपन्न हुई, जिसमें राकेश कुमार शर्मा की माताजी के निधन पर दुःख व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति तथा उनके परिवार को इस असीम दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए 2 मिनट मौन रख प्रार्थना की गई। शोक सभा में नागेंद्र सारस्वत, दिनेश चौहान, चरण सिंह, प्रकाश वीर रस्तोगी, राजीव चौहान, गणेश ठाकुर, संजीव बिश्नोई, गजेंद्र शर्मा, अरविंद कुमार शर्मा, राममूर्ति गौतम, राजेंद्र गौतम, संजय कुमार, डॉ. प्रमोद कुमार, रतिराम सिंह, एडवोकेट संजीव अग्रवाल, सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक एमपी सिंह, कमल वीर सिंह, बीके वर्मा आदि उपस्थित रहे। श्री राकेश कुमार शर्मा की माता जी श्रीमती क्रांति देवी (81 वर्ष) का निधन 25 अगस्त को हो गया। **संपूर्ण उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल** एक शोक सभा संजीव अग्रवाल के प्रतिष्ठान पर हुई, जिसमें गोविंद मॉर्निंग क्लब तथा राजकीय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राकेश शर्मा की माताजी के निधन पर व्यापारियों न शोक व्यक्त किया तथा 2 मिनट का मौन रखकर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक सभा में संजीव अग्रवाल, सिद्धांत अग्रवाल, मोनू अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, राजेंद्र गौतम आदि रहे।

# योगी जी के नेतृत्व में चल रहा विकास का स्वर्णकाल - सोमेन्द्र

**बिजनौर (चिंगारी)।** रक्षाबंधन के अवसर पर बुधवार को उत्तर प्रदेश सरकार ने महिलाओं को बड़ी सौगात देते हुए 'लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति योजना' की शुरुआत की है। योजना के तहत 60 वर्ष और उससे अधिक उम्र की महिलाओं को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की सभी बसों में जीवनभर निःशुल्क यात्रा की सुविधा मिलेगी। इसके लिए महिलाओं को केवल अपना आधार कार्ड या वोटर आईडी दिखाना होगा। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में यह भी घोषणा की कि अक्टूबर-नवंबर में प्रदेश की 50 हजार स्नातक छात्राओं को सरकार की ओर से स्कूटी प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं की आमदनी बढ़ने से परिवार में उनकी निर्णय लेने की क्षमता भी मजबूत होती है। मुख्यमंत्री ने महिलाओं और युवाओं के लिए संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री सोमेंद्र तोमर और अन्य जनप्रतिनिधियों ने महिलाओं को रक्षाबंधन के अवसर पर प्रदेश सरकार की ओर से मिष्ठान और साड़ी भेंट की। लखनऊ में मुख्यमंत्री ने भी महिलाओं को सांकेतिक कार्ड, साड़ी और मिठाई प्रदान की। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। सेंट मैरी स्कूल की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित लोगों ने सराहा। मंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, सदर विधायक सुचि मौसम चौधरी, प्रशासक जिला पंचायत साकेंद्र प्रताप सिंह, नगर पालिका बिजनौर अध्यक्ष इंदिरा सिंह, भाजपा नेता हरजिंदर कौर, जिलाधिकारी जसजीत कौर सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।




### रक्षाबंधन पर योगी सरकार की बड़ी सौगात

### बिजनौर में हुआ कार्यक्रम का सजीव प्रसारण

**बिजनौर में नजीबाबाद रोड स्थित सेंट मैरी स्कूल के सभागार में मुख्यमंत्री के लखनऊ कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम को जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और बड़ी संख्या में मौजूद महिलाओं ने देखा। प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) राजनीतिक पेंशन, सैनिक कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग डॉ. सोमेंद्र तोमर ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वर्ष 2017 से उत्तर प्रदेश के विकास का स्वर्णिम काल शुरू हुआ है। मातृशक्ति के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं तथा महिलाओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने के लिए महिला सशक्तिकरण के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।**

# हाईटेंशन लाइन के नीचे लगता है बुध बाजार, हादसे के आसार



**हरेवली ( चिंगारी )।** हरेवली बिजलीघर के पास सिंचाई विभाग की खाली पड़ी भूमि पर प्रत्येक सप्ताह लगने वाले बुध बाजार में हाईटेंशन विद्युत लाइन के नीचे कुछ दुकानदारों द्वारा दुकानें लगाए जाने से हादसे का खतरा बना हुआ है। विद्युत लाइन के ठीक नीचे दुकानें लगने से किसी भी समय गंभीर दुर्घटना होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। बाजार में बड़ी संख्या में लोग खरीदारी करने पहुंचते हैं, ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सावधानी बरतना जरूरी है।

स्थानीय लोगों के अनुसार बुध बाजार में दूर-दराज से भी दुकानदार अपनी दुकानें लेकर पहुंचते हैं। बाजार में कपड़े, घरेलू सामान, फल-सब्जी सहित विभिन्न प्रकार की दुकानें लगती हैं। जगह की कमी अथवा अन्य कारणों से कुछ दुकानदार हाईटेंशन लाइन के नीचे ही अपना सामान लगाकर बैठ जाते हैं। कई बार दुकानों में लगे लोहे के पाइप, तिरपाल अथवा अन्य सामान विद्युत लाइन के काफी नजदीक पहुंच जाते हैं, जिससे खतरा और बढ़ जाता है। बिजलीघर के जेई सुनील कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सिंचाई विभाग को भी स्थिति से अवगत कराया है। साथ ही बाजार में आने वाले दुकानदारों से अपील की गई है कि वे किसी भी हालत में हाईटेंशन लाइन के नीचे दुकान न लगाएं और विद्युत लाइन से पर्याप्त दूरी बनाए रखें। उन्होंने कहा कि विद्युत लाइनों के आसपास थोड़ी सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन और संबंधित विभागों से मांग की है कि बुध बाजार लगने से पहले स्थल का निरीक्षण कराया जाए और हाईटेंशन लाइन के नीचे दुकानें लगाने पर पूरी तरह रोक लगाई जाए। दुकानदारों को सुरक्षित स्थान पर दुकान लगाने के लिए स्थान निर्धारित किया जाए, ताकि बाजार में आने वाले दुकानदारों और ग्राहकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# आईटीआई प्रवेश हेतु चयन परिणाम घोषित

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिन अभ्यार्थियों ने आईटीआई में अगस्त 2026 से प्रारंभ होने वाले प्रशिक्षण सत्र में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था, उनका परिणाम घोषित हो गया है, जो www.scvt-up.in पर उपलब्ध है। चयनित अभ्यार्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वह 04 सितम्बर 2026 तक संबंधित संस्थान में अपने समस्त मूल प्रमाण-पत्रों एवं उनकी फोटो प्रतियों के साथ उपस्थित होकर प्रवेश लेना सुनिश्चित करें। इसके पश्चात किसी भी दशा में प्रवेश संभव नहीं होगा। राजकीय आईटीआई बिजनौर के नोडल प्रधानाचार्य मंजुल मयंक ने बताया कि 04 सितम्बर तक पड़ने वाले शासकीय अवकाश में भी आईटीआई प्रवेश कार्य के लिए खुली रहेगी।

# एक्सप्रेस-वे को लेकर किसानों ने किया संघर्ष का ऐलान



**स्योहारा ( चिंगारी )।** विकास खंड बुढ़नपुर के गांव भगवानपुर रैनी, निचलपुर, मंझोली, सुल्तानपुर, बगवाड़ा, गैड़ाजुड़ आदि गांवों के किसानों ने गोरखपुर-शामली एक्सप्रेस-वे को लेकर गांव बगवाड़ा में स्थित मंदिर में संघर्ष समिति की सभा का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता शेषपाल सिंह विश्नोई ने तथा संचालन प्रेम सिंह चौहान ने किया। गोरखपुर-शामली एक्सप्रेस-वे से किसानों को होने वाली समस्याओं पर चर्चा हुई। किसानों के लिए खेतों पर जाने वाले रास्ते पर अंडरपास बनाए जाए, सर्विस रोड बनाई जाए,सिचाई की व्यवस्था के लिए कोई समाधान निकाला जाए, मुआवजा बढ़ाया जाए, किसानों की जमीनों का सर्किल रेट बढ़ाया जाए। इस दौरान गन्ना समिति चेयरमैन सुशील कुमार बंटी, देवराज सिंह चौहान, अनिल विश्नोई बाबू जी, सौरभ विश्नोई, राजपाल सिंह, हरिओम सिंह, सचिन कुमार, सुनिल कुमार, राजपाल सिंह, राजीव कुमार, दयाराम, महिपाल सिंह, रामकुमार, अरविंद सिंह, जितेंद्र कुमार, अमर सिंह, सुरेंद्र सिंह, दलवीर, मनोज कुमार, जितेंद्र प्रताप सिंह, सुखवीर सिंह, बलकरन सिंह, प्रमेश कुमार, भूपेश, गौरव प्रताप, ओमपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# महिलाओं को दिया उपहार मुख्यमंत्री योगी का आभार




अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुये गणमान्य व्यक्ति।

**बिजनौर ( चिंगारी )।** पुण्य श्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर मातृशक्ति योजना में बुजुर्ग महिलाओं को उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में फ्री यात्रा पर प्रदेश की भाजपा सरकार व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का धनगर समाज ने आभार व्यक्त किया।

बुधवार को योगेन्द्रपाल योगी के नेतृत्व में धनगर समाज के युवा रामलीला चौराहा स्थित पुण्य श्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा पर एकत्रित हुए। उन्होंने प्रदेश की भाजपा सरकार एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर मातृशक्ति योजना में बुजुर्ग महिलाओं को उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में फ्री यात्रा पर आभार जताया। इस अवसर पर योगेन्द्रपाल योगी ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार महापुरुषों को सम्मान दे रही है, मातृशक्ति योजना अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर शुरू कर सरकार ने सम्मान दिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की बुजुर्ग महिलाओं के लिए यह योजना शुरू कर नारी सम्मान का उदाहरण दिया है। इससे पूर्व धनगर समाज के युवाओं ने पुण्य श्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। इस अवसर पर रामगोपाल धनगर, एमपी सिंह धनगर, अतुल पाल धनगर, अमित पाल, रामसिंह पाल, वरिष्ठ भाजपा नेता विकास अग्रवाल, जयवीर पाल सोनू, दीपक पाल धनगर, अक्षय हनी, युवराज पाल एडवोकेट, ओमप्रकाश पाल, राजकुमार पाल, हेमेंद्र पाल, मुकेश पाल व देवेंद्र पाल चीनू आदि शामिल रहे।


# मासूम माहिरा की मौत से सहसपुर में शोक



फाइल फोटो

**सहसपुर ( चिंगारी )।** कस्बे के मुहल्ला अफ़ग़ानान वार्ड नंबर 7 निवासी माहिरा ( 7 वर्ष ) मोहम्मद सलीम का दुर्घटना में इंतकाल हो गया, जिससे नगर में शोक व्याप्त है। मोहम्मद सलीम रोज़ी रोटी के लिए सऊदी अरब रहता है। उनकी पत्नी नाजमा अपने मायके अफजलगढ़ अपने पुत्र सोनू के साथ जा रही थी। सोनू ने बताया जैसे ही उनकी बाइक भूतपुरी के पास पहुंची, पानी होने की वजह से सड़क का गड्ढा दिखाई नहीं दिया, अपनी अम्मी के गोद में बैठी माहिरा रोड पर गिर गई, सिर में चोट लगने की वजह से बच्ची बेहोश हो गई। आनन-फानन में बच्ची को स्थानीय डॉक्टर के पास ले जाया गया, जहां उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया गया और दिल्ली जाकर अस्पताल में इलाज के दौरान नन्ही जान अपनी ज़िंदगी से हार गई।

# 'भोला' को बचाया नहीं जा सका



भोला बाघ का फाइल फोटो



रेस्क्यू सेंटर में भोला बाघ का उपचार करते डॉक्टर।

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** दो माह पूर्व कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के फाटो रेंज में घायल अवस्था में मिले नर बाघ भोला की बुधवार को उपचार के दौरान मौत हो गई। कालागढ़ के उपप्रभागीय वन अधिकारी बिंदरपाल ने बताया कि घायल बाघ को 26 जून को फाटो रेंज से बचाकर ढेला स्थित रेस्क्यू सेंटर लाया गया था, जहां उसका उपचार किया जा रहा था, जिसकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। बुधवार को ही बाघ के शव का पोस्टमार्टम कर उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। उन्होंने बताया कि बाघ के शरीर से जैविक नमूने जांच के लिए बरेली स्थित भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) और देहरादून स्थित भारतीय वन्यजीव संस्थान (डब्ल्यूआईआई) भेजे गए हैं।

# आर्थिक संकट में हैं आउटसोर्स कर्मचारी, कार्य बहिष्कार जारी

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** जुलाई माह का मानदेय न मिलने की मुख्य समस्या को लेकर विद्युत निगम के आउटसोर्स कर्मचारियों का कार्य बहिष्कार जारी है। आउटसोर्स कर्मचारियों का कहना है कि नियमानुसार उन्हें उनका मानदेय महीने की सात तारीख तक मिल जाना चाहिये, मगर कार्यदायी कंपनी ग्लोब टेक क्रिएशन प्रा. लि. गोरखपुर द्वारा नजीबाबाद



डिविजन में कार्यरत 27 कर्मचारियों का मानदेय अभी तक नहीं दिया गया है। इसके विरोध में आउटसोर्स कर्मचारियों ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निविदा संविदा कर्मचारी संघ के बैनर तले मंगलवार से कार्य बहिष्कार कर रखा है। बुधवार को धरने पर पहुंचे कर्मचारी संघ के पश्चिमांचल अध्यक्ष रणवीर सिंह ने कहा कि कंपनी द्वारा महीने के अंतिम सप्ताह में भी कर्मचारियों का मानदेय न दिया जाना उनका आर्थिक शोषण है। इससे काफी कम मानदेय पर काम करने वाले कर्मचारियों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। कम्पनी द्वारा कुछ कर्मचारियों का मानदेय तो दे दिया गया है, जबकि 27 कर्मचारियों का मानदेय अभी तक नहीं दिया गया है। यह कर्मचारियों में फूट डालने वाली नीति है।

**समाधान के लिये प्रयासरत हूं - ईई**

**आउटसोर्सिंग कंपनी के प्रतिनिधि से वार्ता हुई है। उन्होंने शेष 27 कर्मचारियों का मानदेय बृहस्पतिवार को दे देने की बात कही है। कर्मचारियों की समस्या के समाधान का प्रयास किया जा रहा है।**

**- रामकुमार, अधिशासी अभियंता, विद्युत निगम नजीबाबाद**

## उत्तराखंड विधानसभा चुनाव 2027

# भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, अंकिता भंडारी हत्याकांड और स्थानीय मुद्दे तय करेंगे सत्ता का रास्ता

**नरेश गुप्ता**

**हरिद्वार ( चिंगारी )।** भ्रष्टाचार अकेला ऐसा मुद्दा है जिससे आम मतदाता को लगता है कि इससे उसकी अपनी जिंदगी प्रभावित हुई है। उत्तराखंड में भर्ती परीक्षाओं की अनियमितता और पेपर लीक का मुद्दा इसलिए अधिक संवेदनशील है, क्योंकि इसका सीधा संबंध युवाओं के भविष्य और सरकारी नौकरी की उम्मीद से जुड़ता है। कांग्रेस ने हाल के अभियानों में भर्ती अनियमितताओं, पेपर लीक और बेरोजगारी को प्रमुख मुद्दा बनाया है। यदि चुनाव से पहले यह धारणा मजबूत होती है कि योग्य युवाओं को नौकरी पाने के लिए, पैसों के साथ-साथ राजनीतिक संपर्क की जरूरत पड़ती है, तो भ्रष्टाचार सामान्य राजनीतिक आरोप न रहकर 'युवा बनाम व्यवस्था' का मुद्दा बन जाएगा।

उत्तराखंड में सरकारी नौकरी लंबे समय से महत्वपूर्ण रोजगार विकल्प रही है। इसलिए भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी का प्रभाव केवल परीक्षा तक सीमित नहीं रहता। परीक्षा रद्द होना, दोबारा तैयारी में समय और पैसा लगना तथा चयन प्रक्रिया पर भरोसा कम होना सरकार के प्रति असंतोष पैदा कर सकता है।

**अंकिता भंडारी मामला :** अंकिता भंडारी हत्याकांड महिला सुरक्षा, न्याय और प्रभावशाली लोगों के कथित संरक्षण से जुड़े सवालों के कारण भावनात्मक राजनीतिक मुद्दा बन चुका है। 2026 में 'VIP angle' को लेकर




फिर राजनीतिक विवाद उभरा और कांग्रेस ने इसे 2027 की राजनीतिक लड़ाई से जोड़ने की कोशिश की है। राज्य की महिलाएं इस हत्याकांड को किसी भी कीमत पर भुलाने को तैयार नहीं हैं।

### पलायन और पहाड़ का सवाल

रोजगार और पलायन को अलग-अलग मुद्दों की तरह देखना सही नहीं होगा। पहाड़ के गांवों से युवाओं का बाहर जाना, स्थानीय रोजगार की कमी, स्वास्थ्य-शिक्षा की सुविधाएं न होना व सड़क और कनेक्टिविटी चुनावी चर्चा में महत्वपूर्ण रहेंगे। कांग्रेस के लिए यह मुद्दा सरकार के खिलाफ स्थानीय असंतोष को जोड़ने का माध्यम हो सकता है। जो की भाजपा के लिए चुनौती होगी।

> 2027 का चुनाव केवल भाजपा बनाम कांग्रेस की पारंपरिक लड़ाई नहीं होगा। रोजगार, सरकारी भर्तियों में पारदर्शिता, पेपर लीक, भ्रष्टाचार के आरोप, पलायन, अंकिता भंडारी हत्याकांड, महिला सुरक्षा, स्थानीय विकास और दस वर्षों की सत्ता से पैदा होने वाली एंटी-इनकम्बेंसी जैसे मुद्दे मिलकर चुनावी मुद्दा बना सकते हैं।

### भाजपा की ताकत : संगठन और नेतृत्व

भाजपा के पास 2027 में केवल बचाव की राजनीति करने की आवश्यकता नहीं है। पार्टी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व, विकास कार्यों, धार्मिक पर्यटन, बुनियादी ढांचे, समान नागरिक संहिता और केंद्र-राज्य समन्वय को अपने पक्ष में मुद्दा बना सकती है। भ्रष्टाचार और बेरोजगारी मौजूद होने के बावजूद चुनाव का परिणाम पहले से तय नहीं माना जा सकता। भाजपा के लिए महत्वपूर्ण रणनीति एंटी-इनकम्बेंसी को सरकार के बजाय व्यक्तिगत विधायकों तक सीमित रखना और जरूरत पड़ने पर उम्मीदवार बदलना होगी।

### कांग्रेस के लिए अवसर और जोखिम

कांग्रेस के पास सरकार विरोधी माहौल को राजनीतिक परिवर्तन में बदलने का अवसर है। लेकिन संगठनात्मक एकजुटता और उम्मीदवार चयन भी महत्वपूर्ण होंगे। यदि कांग्रेस बेरोजगारी, पेपर लीक, भ्रष्टाचार, अंकिता भंडारी हत्याकांड, पलायन और महिला सुरक्षा को अलग-अलग मुद्दों की बजाय व्यापक जवाबदेही के मुद्दे के रूप में पेश करती है, तो उसका प्रभाव अधिक हो सकता है।

### महिला मतदाता और सुरक्षा

**महिला सुरक्षा का मुद्दा अंकिता भंडारी मामले से आगे भी जाता है। यदि विपक्ष महिला सुरक्षा को रोजगार, न्याय और स्थानीय प्रशासन की जवाबदेही के साथ जोड़ता है, तो यह प्रभावी चुनावी मुद्दा बन सकता है।**

# स्योहारा में शान-ओ-शौकत से निकला ईदुल मिलादुन्नबी का जुलूस, माहौल रहा पुरखुलूस

**स्योहारा ( चिंगारी )** ईद उल मिलादुन्नबी के मौके पर नगर में पूरी शान ओ शोकत जुलूस निकाला गया। जुलूस ए मोहम्मदी मिल चौराहा से शुरू होकर गुड़ मंडी, पीर का बाजार, शिवाजी मार्केट होते हुए मोहल्ला मिलकियान होते हुए नवादा चुंगी से होते हुए नगर पालिका परिषद, फुव्वारा चौक, थाना चौराहा, उस्मान अली खान चौराहा से होते हुए वापस मिल चौराहे पर समाप्त हुआ, जहां फातिहा पढ़कर तबर्रुक को बांटा गया और अमन की दुआ मांगी गई। जुलूस ए मोहम्मदी की सरपरस्ती सैयद महबूब हुसैन ने की। गणमान्य व्यक्तियों द्वारा कैंप लगाकर जुलूस ए मोहम्मदी की खिदमत की। जुलूस का मिलकियान में डा.तफज्जुल, सुबहान अहमद, यूसुफ अहमद, मंदिर के निकट इमरान शरीफ, रिज़वान शरीफ, गुलजार शरीफ, अफ़्फ़ान इमरान, इरफान रिज़वान ने सामूहिक रूप से जुलूस ए मोहम्मदी का स्वागत किया। नगर पालिका पर पालिकाध्यक्ष फैसल वारसी, बसपा नगर अध्यक्ष इस्तख़ार चौधरी, एडवोकेट फिरोज़ हैदर, कासिम सलमानी, थाना चौराहे पर रिटायर्ड सीओ इक़बालुजम्मा, एडवोकेट कमरुजम्मा आदि ने जुलूस का स्वागत किया। वहीं गोसिया मस्जिद के जिम्मेदार इरफान कादरी के नेतृत्व में जुलूस निकाला गया, स्वागत करने वाले सभी लोगों का जुलूस कमेटी की ओर से डा.मनोज कुमार वर्मा को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। जुलूस ए मोहम्मदी में हाजी परवेज़ राणा, जावेद अख्तर टाल वाले, सैयद दानिश सीईओ अविहूब इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, गयास कादरी, डा.सुहैल कादरी, शकील अहमद, रिहान अहमद, तौफ़ीक़ अहमद, डा.एमएफ अब्बासी, सैयद चांद आलम, नफीस अहमद, नईम शाह, वसीउर्रहमान, जावेद, काशिफ, हकीम रईस, यूसुफ़, ताबिश, शबी आदि लोग मौजूद रहे। इस मौके पर थाना अध्यक्ष संजय कुमार तोमर, एसएसआई सुरजीत सिंह आदि मौजूद रहे। उधर गौसिया मस्जिद से कमेटी ने पूर्व राज्यमंत्री मूलचंद्र चौहान, ब्लाक प्रमुख उज्जवल सिंह चौहान, भाजपा नेता मुकेश रस्तौगी आदि का स्वागत किया गया।



# टांडामाईदास प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बदहाली का शिकार
## सुविधाएं ही नहीं, तब कैसे हो उपचार?

**रायपुर सादात ( चिंगारी )।** तहसील नगीना क्षेत्र के ग्राम टांडामाईदास स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति दिनों-दिन चिंताजनक होती जा रही है। स्वास्थ्य केंद्र का भवन जर्जर अवस्था में पहुंच चुका है तथा परिसर में सफाई की समुचित व्यवस्था न होने के कारण मरीजों और उनके परिजनों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार स्वास्थ्य केंद्र लगभग 38 वर्ष पुराना है और समय के साथ इसकी स्थिति लगातार खराब होती गई है। बरसात के दिनों में परिसर में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है, जिससे मरीजों के लिए केंद्र तक पहुंचना और उपचार प्राप्त करना मुश्किल हो जाता है। भवन की दीवारों और अन्य संरचनाएं भी मरम्मत की मांग कर रही हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि स्वास्थ्य केंद्र में पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाओं एवं कर्मचारियों की कमी भी लंबे समय से बनी हुई है। ग्रामीणों को कई बार सामान्य उपचार और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दूरस्थ क्षेत्रों में जाना पड़ता है, जिससे समय और धन दोनों की अतिरिक्त हानि होती है। ग्रामीणों ने मांग की है कि स्वास्थ्य विभाग इस स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति का तत्काल संज्ञान लेते हुए यहां नियमित चिकित्सक एवं आवश्यक स्टाफ की व्यवस्था सुनिश्चित करे। साथ ही भवन के कायाकल्प, नई इमारत के निर्माण, परिसर की नियमित सफाई तथा सुरक्षा के लिए चारदीवारी निर्माण की दिशा में शीघ्र कार्रवाई की जाए।





# छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया

## पुलिस ने पृथ्वी विद्या मंदिर में चलाया जागरूकता अभियान



छात्र-छात्राओं को साइबर व अन्य अपराधों के प्रति जागरूक किया गया।

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी सर्वेश पंवार के निर्देश पर जनपद में पुलिस द्वारा बच्चों, युवाओं एवं आमजन को अपराधों, नशे तथा साइबर खतरों के प्रति लगातार जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट एवं एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स द्वारा श्री पृथ्वी विद्या मंदिर, झंडी चौड़ में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को साइबर व अन्य अपराधों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को मानव तस्करी, भिक्षावृत्ति, वेश्यावृत्ति, बाल शोषण, पोक्सो एक्ट तथा साइबर अपराधों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। बताया कि बच्चों से संबंधित अश्लील, शोषणकारी या आपत्तिजनक डिजिटल सामग्री का निर्माण, संग्रहण, डाउनलोड, प्रसारण अथवा शेयर करना एक गंभीर एवं दंडनीय अपराध है। ऐसी अवैध गतिविधियों की निगरानी संबंधित एजेंसियों द्वारा तकनीकी माध्यमों से की जाती है तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाती है। छात्र-छात्राओं को सलाह दी गई कि वे किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक सामग्री को न तो डाउनलोड करें और न ही अपने मोबाइल या अन्य उपकरणों में सुरक्षित रखें। छात्राओं को गुड टच और बैड टच की जानकारी देते हुए कहा गया कि किसी भी प्रकार की असहज स्थिति, अनुचित व्यवहार या शोषण की घटना को छिपाने के बजाय तुरंत अपने माता-पिता, शिक्षकों या विश्वसनीय व्यक्तियों से साझा करें। इसके अतिरिक्त सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों, ऑनलाइन ठगी, साइबर बुलिंग, नशे के दुष्परिणाम तथा गलत संगति से बचने के संबंध में भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जिनमें पुलिस आपातकालीन सहायता नंबर 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930 एवं मानस हेल्पलाइन 1933 के संबंध में भी जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान समाजसेवी इंदु नौटियाल सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी ने पूर्व सैनिकों को रक्षा सूत्र बांधे

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष एवं कोटद्वार विधान सभा विधायक ऋतु खण्डूडी भूषण ने मालिनी गौरव सैनानी एवं पूर्व अर्धसैनिक बल संगठन द्वारा आयोजित रक्षाबंधन कार्यक्रम में पहुंचकर पूर्व सैनिकों को रक्षा सूत्र बांधते हुए रक्षाबंधन पर्व मनाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के पवित्र प्रेम, स्नेह और विश्वास का प्रतीक है। देश की रक्षा एवं सेवा में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले पूर्व सैनिक हमारे समाज के गौरव हैं। उनके साथ रक्षाबंधन का पर्व मनाना उनके प्रति सम्मान और आत्मीयता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना एवं अर्धसैनिक बलों के जवानों ने देश की सुरक्षा में अपना जीवन समर्पित किया है। राष्ट्र सेवा में उनके त्याग, समर्पण और साहस को सदैव सम्मान के साथ याद किया जाएगा। कहा कि प्रदेश सरकार पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों के कल्याण के लिए हरसंभव सहयोग करने के लिए हमेशा तत्पर है। कार्यक्रम में संगठन अध्यक्ष कुबेर जलाल, श्रीधर प्रसाद केष्टवाल, दौलत सिंह रावत, पार्षद राजेंद्र बिष्ट, पार्षद प्रमोद केष्टवाल, सुदर्शन नेगी, यतेंद्र गौड़, शिव सिंह, मदन सिंह, दीपक, अवतार सिंह, शैलेंद्र, नरेंद्र भारद्वाज, रणजीत सिंह, खेम सिंह, विद्यादत्त केष्टवाल, धीरज रावत, एस.सी. भट्ट आदि पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

## ई-केवाईसी कराना अनिवार्य, 1 सितंबर से नहीं मिलेगा राशन


पूर्ति अधिकारी मनोज कुमार बर्मन।

**नैनीताल ( चिंगारी )।** राशन कार्ड धारकों के लिए सख्त निर्देश जारी हो गए हैं। जिन कार्ड धारको के मुखिया या परिवार के अन्य सदस्यों ने ई-केवाईसी नहीं कराई है, वो आगामी 31 अगस्त तक करवा लें अन्यथा 1 सितंबर से उनको कार्ड में मिलने वाला राशन नहीं मिलेगा। इतना ही नहीं जिन सदस्यों का ई-केवाईसी नहीं होगा, तो उनका नाम राशन कार्ड से काट दिया जाएगा। जिला पूर्ति अधिकारी मनोज कुमार बर्मन ने सभी उपभोक्ताओं से निर्धारित समय तक ई-केवाईसी करवाने की अपील की है। राशन कार्डों में हो रही गड़बड़ियों को सुधारने के लिए भी ई-केवाईसी करवाना अनिवार्य होगा, जिससे कि छटनी की जा सके और सही पात्र को सरकारी राशन का लाभ मिल सके।

## मेयर को नगर निगम की महिला पर्यावरण मित्रों ने बांधा रक्षा सूत्र

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम कोटद्वार की महिला पर्यावरण मित्रों ने नगर निगम प्रेक्षागृह में आयोजित रक्षा सूत्र कार्यक्रम में महापौर शैलेंद्र सिंह रावत को रक्षा सूत्र बांधा। इस अवसर पर महापौर शैलेंद्र सिंह रावत ने कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के स्नेह और सुरक्षा का पर्व नहीं है, बल्कि यह सम्मान, विश्वास, अपनत्व और सामाजिक समरसता का भी प्रतीक है। नगर की स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण में महिला पर्यावरण मित्रों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अपने परिश्रम और समर्पण से शहर को स्वच्छ रखने में जुटी इन बहनों के योगदान को सम्मान देना पूरे नगर की जिम्मेदारी है। रक्षा सूत्र कार्यक्रम के माध्यम से नगर निगम परिवार में एक नई परंपरा की शुरुआत की गई है। इसका उद्देश्य निगम में कार्यरत बहनों के श्रम, समर्पण और योगदान को सम्मान देना है वहीं महिला पर्यावरण मित्रों ने रक्षा सूत्र जैसी पहल के लिए महापौर एवं नगर निगम का आभार व्यक्त करते हुए इसे सम्मान और अपनत्व से जुड़ा सराहनीय प्रयास बताया। इस अवसर पर नगर निगम के समस्त पार्षद, अधिकारी-कर्मचारी एवं महिला पर्यावरण मित्र मौजूद रहीं।

## शैक्षिक योग्यता के साथ रोजगार परक कौशल विकसित करने पर भी ध्यान दें : अजय सिंह

### राजकीय महाविद्यालय में करियर काउंसलिंग का आयोजन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग, लैंसडाउन व राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोटद्वार की कैरियर परामर्श प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय में एक दिवसीय कैरियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों को बेहतर कैरियर बनाने पर जानकारी देने के साथ ही उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया।

जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया के निर्देश पर आयोजित काउंसिलिंग की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो. डी.एस. नेगी ने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धी दौर में केवल डिग्री हासिल कर लेना रोजगार की गारंटी नहीं है। विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए रोजगारपरक कौशल, तकनीकी ज्ञान एवं आत्मविश्वास विकसित करना होगा। उन्होंने छात्र-छात्राओं से अपनी रुचि एवं क्षमताओं को पहचानकर लक्ष्य निर्धारित करने तथा निरंतर सीखते रहने का आह्वान किया। सेवायोजन अधिकारी अजय सिंह ने विद्यार्थियों को कैरियर के विभिन्न अवसरों के साथ ही सेवायोजन विभाग के पोर्टलों एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रोजगार के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा लगातार बढ़ रही है। ऐसे में युवाओं को शैक्षणिक योग्यता के साथ-साथ रोजगारपरक कौशल विकसित करने पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी डॉ. विनोद सिंह भंडारी, कैरियर परामर्श प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. मनीषा सिंह, कैरियर काउंसलिंग समिति के सदस्य डॉ. गणेश चंद, डॉ. हिमांशु, डॉ. गीता एवं डॉ. भुवनेश कुमार सहित डॉ. आशाराम बिजल्वाण, डॉ. संदीप कुमार, डॉ. संजय मदान, डॉ. मीनाक्षी वर्मा, महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी, एनसीसी कैडेट्स एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## महाविद्यालय में हुआ ओरिएंटेशन एक करियर काउंसलिंग कार्यक्रम

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग और पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ओरिएंटेशन एवं करियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का आरंभ वाणिज्य विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर प्रीति रानी ने किया उन्होंने इन पाठ्यक्रमों के नव प्रवेशी छात्रों को महाविद्यालय में संचालित विभिन्न कार्यक्रमों तथा गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया। पत्रकारिता एवं जनसंचार की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर ज्योति खरे ने नई शिक्षा नीति पर जानकारी दी। डॉ. अंशिका बंसल ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं और करियर विकल्पों की जानकारी दी। वहीं डॉ. गणेश चंद्र ने विद्यार्थियों को डिग्री के साथ-साथ स्किल्स और नॉलेज पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। प्राध्यापक चक्रधर कंडवाल ने पत्रकारिता एवं जनसंचार से संबंधित करियर विकल्पों से विद्यार्थियों को अवगत कराया। इस दौरान अरविंद दुदपुड़ी और डॉ.रविंद्र आदि प्राध्यापकों सहित नव प्रवेशी छात्र-छात्रा मौजूद रहे।

## शहर में हो रही अतिक्रमण की भरमार इस व्यवस्था में किया जाये सुधार

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** श्री नरेंद्र भाई मोदी विचार मंच के पदाधिकारियों ने कोटद्वार शहर को अतिक्रमणमुक्त बनाने की मांग की है। कहा कि अतिक्रमण के कारण शहर की सूरत बिगड़ती जा रही है। इस संबंध में रतनपुर सुखरौ स्थित मंच कार्यालय में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान में शहर का कोई भी स्थान ऐसा नहीं है, जहां अतिक्रमण न किया गया हो। मुख्य शहर से लेकर वार्डों तक में अतिक्रमण किया गया है। शासन-प्रशासन की ओर से कई बार इस अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की है, लेकिन अभी तक पूर्ण सफलता नहीं मिल पाई है। अतिक्रमण के कारण सड़कें और गलियां संकरी हो जाती हैं, जिस कारण आमजन को पैदल चलने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। कहा कि मंच का मानना है कि अतिक्रमण हटने के बाद शहर की सूरत में सुधार आ सकता है। इसलिए अतिक्रमण पर सख्ती से कार्रवाई की जानी चाहिए। बैठक में सीपी डोबरियाल, जीके बड़थ्वाल, सीपी धूलिया, हरीश खुगशाल व विनोद ध्यानी सहित मंच के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# प्रशासन ने बुलडोजर चलाया, सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराया



किरतपुर ( चिंगारी )। स्थानीय मोहल्ला काजियान में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत पर कल तहसीलदार, नगर पालिका एवं पुलिस प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चलाकर कब्जामुक्त कराया। कार्रवाई के बाद शिकायतकर्ता ने संबंधित लोगों के विरुद्ध प्रभावी कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग शासन-प्रशासन से की है।

चिंगारी को मिली जानकारी के अनुसार भूमि खसरा संख्या 2134 के बराबर में स्थित खसरा संख्या 2134/2 राजस्व अभिलेखों में सरकारी तालाब की भूमि के रूप में दर्ज है। शिकायतकर्ता आदिल खान पुत्र असलम खान द्वारा शासन-प्रशासन को दी गई शिकायत में आरोप लगाया गया था कि उक्त सरकारी भूमि पर कदीर, शाहिद अंसारी, स्वर्गीय रफीउल कमर, शाबान तथा अफजल पुत्र कदीर द्वारा कथित रूप से कब्जा किया गया है। शिकायत का संज्ञान लेते हुए कल तहसीलदार संतोष यादव और नगर पालिका के बड़े बाबू हसन मुस्तफा की टीम तथा कस्बा इंचार्ज दीपक नागर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और बुलडोजर चलाकर कार्रवाई करते हुए उक्त भूमि को कब्जामुक्त कराया। शिकायतकर्ता आदिल खान का कहना है कि सरकारी तालाब की भूमि से सटी उनकी निजी संपत्ति पर भी पूर्व में इन्हीं लोगों द्वारा कथित रूप से कब्जा किया गया था। इस संबंध में उनके द्वारा शासन-प्रशासन से शिकायत की गई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार उनकी भूमि खसरा संख्या 2134 वाले मामले में थाना किरतपुर में मुकदमा संख्या 422/24 के तहत धारा 420, 467, 468, 471 एवं 120बी में मुकदमा दर्ज किया गया था, जो वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन है। मुकदमे में लगाए गए आरोपों का अंतिम निर्णय न्यायालय द्वारा किया जाना है।

आदिल खान ने आरोप लगाया कि संबंधित स्थान पर कथित रूप से हुक्का बार भी संचालित किया जाता है तथा वहां आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों का आना-जाना रहता है। उन्होंने शासन-प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।


मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना

डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A.,
F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association

(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र

पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने,
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423



खुल गया! खुल गया!

श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans

सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476


## गुलदार ने घर में घुसकर बकरी को निवाला बनाया

किरतपुर ( चिंगारी )। निकटवर्ती ग्राम आलमपुर गंगा के भूरे की बकरी घेर में बंधी थी, रात 3:00 बजे गुलदार ने घेर में घुसकर बकरी को निवाला बना लिया। बकरी की चीख सुनकर घेर में भूरे का लड़का राशिद जो घेर में ही सो रहा था, ने उठकर देखा तो गुलदार भागता दिखाई दिया। सुबह जब लोगों को घटना का पता लगा तो दहशत व्याप्त हो गई। उल्लेखनीय यह है आजकल पूरे क्षेत्र में रोजाना गुलदार दिखाई दे रहे हैं। पिछले चार दिन पहले श्री हनुमान धाम के पास हाईवे के पुल के नीचे तीन गुलदार एक साथ दिखाई दिए थे। लोगों ने प्रशासन से गुलदारों से मुक्ति दिलवाने की मांग की है।


Gents Specialist
Suit Sherwani Pant Shirt
Fancy Coat Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor



Kajaria
TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT
WATERPROOFING EXPERT
Nanotechnology Based
SEELAN BLOCK
सीलन ब्लॉक
सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP
BONDING CHEMISTRY
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर